संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार 02 जून 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 153 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## उपराष्ट्रपति से मिले असम के मुख्यमंत्री, विभिन्न विकास योजनाओं पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री की यह पहली मुलाकात है। इस दौरान असम के विकास और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात करके उन्हें असम के विकास की कहानी के बारे में जानकारी देते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सार्वजनिक जीवन में विनम्रता, कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रतीक राधाकृष्णन से मिलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित असम की हमारी यात्रा में उनके निरंतर मार्गदर्शन की प्रतीक्षा करेंगे।

# जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल, कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी, टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। आईआईटी रुड़की ने परिणाम निर्धारित समय से पहले जारी करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी। अभ्यर्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से देख सकते हैं। इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के लिए 1,87,389 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,79,694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56,880 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया




गया। सफल अभ्यर्थी अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया (जोसा) की काउंसिलिंग में भाग ले

**जश्न मनाया**

**कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी, टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर और जतिन**

सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं भी शामिल हैं। इस बार सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 92 अंक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। विषयवार कट-ऑफ 8 अंक निर्धारित की गई। लगभग 31.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है।

जोन के आधार पर भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईआईटी दिल्ली जोन से शुभम कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी मद्रास जोन से मोहित शेखर शुक्ला चौथे स्थान पर रहे। आईआईटी मुंबई जोन के बी. जयकृष्ण श्रीनिवास ने छठा स्थान हासिल किया।

## फास्ट न्यूज

### भारत में जी नेटवर्क दिखाएगा फीफा विश्व कप के मुकाबले

**नई दिल्ली।** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण भारत में जी नेटवर्क करेगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने टूर्नामेंट के प्रसारण और डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने की घोषणा की है।

समझौते के तहत विश्व कप के मुकाबलों का सीधा प्रसारण जी समूह के हाल ही में शुरू किए गए चार नए खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि जी5 पर सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध रहेगी। यह घोषणा टूर्नामेंट के शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले की गई है। 11 जून से 19 जुलाई तक आयोजित होने वाला यह विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। जी समूह इससे पहले आई-लीग और उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग जैसे खेल आयोजनों का प्रसारण कर चुका है। इसी महीने कंपनी ने अपने यूनाइटेड 8 समूह के तहत चार नए खेल चैनल भी लॉन्च किए थे और इसके बाद फीफा के साथ अधिकारों को लेकर बातचीत शुरू हुई थी। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयनका ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, "हम दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। फुटबॉल क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है।"

### सुप्रीम कोर्ट को पांच नए जज मिले, राष्ट्रपति ने नियुक्ति पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय के लिए पांच जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली और उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहीं वरिष्ठ वकील वी मोहन को उच्चतम न्यायालय का जज नियुक्त किया है।

आधारभूत परियोजनाओं लागू करने तथा व्यापार और द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया

# भारत-म्यांमार में आर्थिक, सुरक्षा सहयोग पर बनी सहमति

**वार्ता**

**भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा: म्यांमार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमार ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। आधारभूत परियोजनाओं लागू करने तथा व्यापार और द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया। इसके साथ ही पड़ोसी देश की ओर से आश्वासन दिया गया है कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यापक द्विपक्षीय वार्ता हुई। चर्चा में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण माना। इसके तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के कालेवा-यागी खंड के जल्द निर्माण पर भी बल दिया गया। वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की आधिकारिक यात्रा ने म्यांमार और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता और घनिष्ठ साझेदारी की पुष्टि की और दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग को और मजबूत करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाया। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने भारत में अपने प्रवास के दौरान उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को दिए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आपसी सहमति से तय की गई तारीखों पर म्यांमार आने का निमंत्रण भी दिया।



**पारस्परिक लाभकारी आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा: पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर संपर्क व्यवस्था से क्षेत्र में पारस्परिक लाभकारी आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पुष्टि की कि भारत, म्यांमार के एक दृढ़ और विश्वसनीय सहयोगी के रूप में दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं विदेश सचिव के अनुसार भारत ने म्यांमार की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। वहीं म्यांमार के राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि म्यांमार की भूमि का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है।

यह भारत की नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट, महासागर और इंडो-पैसिफिक नीतियों के केंद्र में स्थित है।

**द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की समीक्षा की**

भारत आगमन से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मईखा मठ और सुजाता मंदिर का दौरा किया। यह यात्रा दोनों देशों के गहरे बौद्ध, धार्मिक और जन-जन के संबंधों को दर्शाती है। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार भारत के प्रधानमंत्री और म्यांमार के राष्ट्रपति ने वार्ता में पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की समीक्षा की और संबंधों के लिए आगे की राह तय की। राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि म्यांमार भारत की पड़ोसी प्रथम, एक्ट ईस्ट और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) नीतियों के संगम पर स्थित है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन किया। वार्ता के बाद शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने म्यांमार के राष्ट्रपति का स्वागत किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भारत-म्यांमार के बीच की साझा बौद्ध विरासत सदियों पुराने आपसी संबंधों को एक अनोखी गर्मजोशी प्रदान करते हैं।

## फिर महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर, घरेलू सिलेंडर के भाव में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। हालांकि कीमत में की गई ये वृद्धि सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर और पांच किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर तक ही सीमित है। घरेलू इस्तेमाल में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये से लेकर 53.50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। सिलेंडर की नई कीमत लागू हो गई है। इससे पहले पिछले महीने की पहली तारीख यानी एक मई को कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगभग एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। दिल्ली में ये बढ़ोतरी 993 रुपये की थी, जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 998.50 रुपये हो गई थी।

## टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव: ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीएमसी विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है। ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। ममता का वीडियो मैसेज टीएमसी के भीतर टूट की खबरों के बीच आया है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है। दोनों पर पार्टी के खिलाफ बयान देने और बैठकों से दूर रहने के आरोप हैं। टीएमसी



सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह चौंकाने वाला है। बेले व्यू अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें इलाज नहीं करने के निर्देश दिए गए। यह कैसा अजीब और तानाशाही रवैया है? बेले व्यू अस्पताल के लोग पहले मेरे पैर छूते थे। आपके बिड़ला और लोढ़ा परिवारों से करीबी संबंध और कारोबारी रिश्ते थे, और आप उनके सामने झुकते थे। हमारे मेयर ने सारी व्यवस्था संभाली थी। छह महीने पहले ही हमने अपोलो अस्पताल का लाइसेंस रिन्यू किया था।

## जीएसटी राजस्व संग्रह मई में 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले साल मई में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने सोमवार को आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह में यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई है। आंकड़ों के अनुसार मई के दौरान घरेलू लेन-देन से केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा।

## मुख्यमंत्री ने बैठक में 16 में से 13 मामलों का किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी जन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करना है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के साथ संवाद बनाए रखें और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं जवाबदेह दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बन सके। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 13 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि तीन मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।



**जनसुनवाई**

**सीएम नायब सिंह सैनी बोले, सडक सुधार कार्यों में समन्वय से कार्य करें सभी विभाग**

## पेपर लीक से ध्वस्त हो रही शिक्षा व्यवस्था, युवाओं का भविष्य संकट में: पवन खेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि देश में लगातार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कई छात्र मानसिक दबाव में आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि देश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और कई परीक्षाओं में अनियमितताओं के चलते युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

एचपी-रेडी परियोजना से आपदा तैयारी, न्यूनीकरण और पुनर्वास प्रणाली होगी मजबूत

# मुख्यमंत्री ने राहत केंद्रित से प्रतिरोध केंद्रित प्रशासन अपनाने पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और इनसे उत्पन्न गंभीर खतरों को ध्यान में रखते हुए जन सुरक्षा एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। इस क्रम में सरकार ने 2,688 करोड़ रुपये की "हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरीइ (एचपी-रेडी) परियोजना शुरू की है, इसका उद्देश्य प्रदेशभर में आपदा-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।



यह परियोजना जनवरी 2026 से नवंबर 2030 तक लागू की जाएगी और इसमें आपदा से निपटने की तैयारी, आपदा न्यूनीकरण तथा पुनर्वास तंत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है और प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। पिछले तीन वर्षों में राज्य में 66 से अधिक बादल फटने की घटनाएं, 234 भूस्खलन और 121 फ्लैश फ्लड की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन आपदाओं से बड़ी संख्या में जन हानि हुई है तथा सार्वजनिक अवसंरचना और निजी संपत्ति को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त आपदा के कारण सामान्य जनजीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**अधोसंरचना**

**राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही**

एचपी-रेडी परियोजना के तहत आपदा प्रभावित सार्वजनिक अधोसंरचना जैसे परिवहन नेटवर्क, पेयजल योजनाएं, स्वच्छता प्रणालियां तथा विद्युत अवसंरचना इत्यादि को पुनर्स्थापित और सुदृढ़ किया जाएगा।

परियोजना का उद्देश्य आजीविका और रोजगार के अवसरों को सृजित करना तथा आपदा जोखिम वित्तपोषण और इंश्योरेंस के लिए एक व्यापक प्रणाली विकसित करना है। इसके अतिरिक्त, आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थागत क्षमता निर्माण और मजबूत वित्तीय तंत्र को विकसित करने पर भी बल दिया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने, आपदा-रोधी अवसंरचना के निर्माण एवं प्रोत्साहन, वैज्ञानिक भू-उपयोग योजना अपनाने तथा तकनीक, पारंपरिक ज्ञान और विभिन्न विभागों के समन्वय के माध्यम से सामुदायिक तैयारी को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

# भाजपा के पदाधिकारियों की बड़ी बैठक, संगठन के व्यापक विस्तार पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक बदलावों और आगामी चुनावों की तैयारियों पर मंथन के लिए सोमवार को पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की मैराथन बैठक चल रही है। भाजपा के विस्तार कार्यालय में करीब ढाई बजे शुरू हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, महामंत्री विनोद तावड़े, राधा मोहन अग्रवाल, तरुण चुग, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद हैं। इस बैठक के मुख्य बिंदु केंद्र में सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार करना, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और विभिन्न राज्यों में पार्टी की गतिविधियों का आकलन और आगामी चुनावों की तैयारियों एवं संगठनात्मक बदलावों पर विस्तृत मंथन करना है।बैठक से बाहर आते हुए भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने मीडिया को बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की बैठक पार्टी के विस्तार कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में केंद्र सरकार 12 वर्ष पूरे होने और उल्लेखनीय कार्यों को जनता तक ले जाने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।



# दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी स्वीकार्य नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/ लीजधारकों को वितरित किए भूमिधरी अधिकार पत्र, *मौलवी-मौलाना हमें न बताएं, गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है, गाय को पशु बोलने वाले मौलानाओं की बुद्धि पशु वाली: मुख्यमंत्री, गोमाता के साथ हिमाकत करने वाले चेलों को समझाएं, वरना ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी: सीएम

**दो टूक**

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है: सीएम





टीम एक्शन इंडिया
बिजनौर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गाजियाबाद की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए दो-टूक कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं है। जो अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा है, वह गलती कर रहा है। कुछ मौलवी-मौलाना बयान दे रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है। माता-पुत्र के बीच कुछ भी घोषित करने की आवश्यकता नहीं। किसी पुत्र को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि मां का सम्मान करो। हम मां और गाय दोनों के प्रति एक जैसा सम्मान का भाव रखते हैं। पशुवत तुम्हारी बुद्धि व सोच है, जो हमारी गोमाता को पशु बोलते हो। यह तुम्हारा दोगलापन है, जो गोकशी को प्रश्रय देते हो। सीएम ने कड़ी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गोमाता का चित्र लगाकर बकरीद की बधाई देने वाले अपने चेलों को समझा लो कि गोमाता के साथ हिमाकत की तो ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी। यूपी में गोहत्या का मतलब तो तुम जान ही रहे हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर में कई परिवारों के जीवन में खुशियों की नई रोशनी फैलाई। उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किए।

**बिजनौर ने इतिहास बनते और बिगड़ते भी देखा**

महात्मा विदुर की पावन धरती बिजनौर को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महाभारत की धरती है। महाभारत से हमें प्रेरणा मिलती है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जो स्वार्थ के लिए धर्म को नष्ट करता है, धर्म उसे भी नष्ट कर डालता है। यह उद्घोषणा दुनिया में अक्षरशः साबित हो रही है। यह भारत के इतिहास को बनाने वाली धरा है।

## पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण किया*

सीएम योगी ने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी विरासत को कुंवर सुशांत सिंह संभाल रहे हैं। पाकिस्तान से विस्थापित हजारों परिवारों, जिनकी पुश्तैनी संपत्ति पर पाकिस्तान की मजहबी कट्टरता ने 1946, 47 व 48 में जबरन कब्जा कर निर्दोष हिंदुओं व सिखों का कत्लेआम किया था। वर्ष-दशक बीतते गए, आज चौथी पीढ़ी में यह अवसर आया है, जब हम विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक दे रहे हैं। अभी 1645 विस्थापित परिवारों यानी 8-10 हजार लोगों को जमीन के कागज प्राप्त हो रहे हैं। जो शेष हैं, उनके लिए भी कार्यवाही चल रही है।

**कोई आक्रांता हमें न बताए, गाय व गंगा हमारी मां हैं**

सीएम योगी ने कहा कि गोमाता राष्ट्रमाता हैं। इसी तरह हमारी मां गंगा के बारे में परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। हम सब गंगा मां की आरती व पूजा करते हैं। अपने को गंगा पुत्र मानकर सम्मानित महसूस करते हैं। हमारे तीर्थ गंगा तट पर हैं, हमारे सभी संस्कार मां गंगा के तट पर संपन्न होते हैं। कोई आक्रांता हमें न बताए, हमारे संस्कार हैं कि हमने गाय व गंगा को माता माना है।

**मजहबी निर्ममता के विरोध में नहीं निकलती मौलाना की आवाज**

सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में मजहबी निर्ममता के शिकार बने विस्थापितों के बारे में मौलाना व मौलवी की कभी आवाज नहीं निकली। काश, वे बोलते कि इनकी संपत्ति को वहां कट्टरपंथियों ने हड़प लिया।

### 'किसी मौलाना ने हिंदुओं के कत्लेआम पर मुंह नहीं खोला'



सीएम ने कहा कि वक्फ के नाम पर यहां हिंदूओं की जमीनों पर कब्जा है। ये लोग इन संपत्तियों को विस्थापितों को फ्री में देने की घोषणा करते तो हम मानते कि इनकी भी कुछ संवेदना है। मुंह में कुछ और पीछे कुछ, यही दोगला चरित्र होता है।

सीएम योगी ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर एक भी मौलवी-मौलाना ने कुछ नहीं कहा। बांग्लादेश में हिंदू 22 फीसदी से घटकर 7 और पाकिस्तान में 14 से घटकर महज 2 प्रतिशत रह गया। मौलाना पाकिस्तान या बांग्लादेश की सरकारों की निंदा नहीं करते। ये मौलाना जुमे की नमाज में यही घोषणा कर देते कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन है और घटिया स्तर पर काम कर रहा है। भारत के बहादुर जवान दुश्मन के ठिकाने पर जाकर उन्हें सबक सिखाने का ठीक काम कर रहे हैं। लेकिन, किसी मौलवी-मौलाना ऐसा नहीं किया। सीएम ने बकरीद पर होने वाली हरकतों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि गनीमत है कि सरकार ने पहले से ही कदम उठाए हैं, तब त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से हो पा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले रामनवमी, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा, कांवड़ यात्रा सपना हो गई थी। बेटी स्कूल नहीं जा पा रही थी, जबकि व्यापारी असुरक्षित था।

# खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मण्डलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

**धान खरीद**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान निष्पादन और आगामी सीजन में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर हुइ चर्चा




**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर:** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में मंत्री मण्डलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यगण कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। उप मंत्रीमण्डलीय समिति के बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के निष्पादन एवं कस्टम मिलिंग तथा आगामी खरीफ सीजन में धान खरीदी के तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में खाद्य विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले, वित्त विभाग के सचिव रोहित यादव, सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, मार्कफेड के एमडी जितेन्द्र शुक्ला, मंडी बोर्ड के एमडी श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्राई ने पंजाब में जांचा मोबाइल नेटवर्क, जियो, एयरटेल रहे आगे

**स्पीड टेस्ट**

बठिंडा में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 198.27 एमबीपीएस और एयरटेल की 151.88 एमबीपीएस दर्ज की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पंजाब के बठिंडा, श्रीमुक्तसर साहिब शहर और अमृतसर से बठिंडा रेल मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता की जांच की। इसमें जियो और एयरटेल का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जहां बठिंडा में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 198.27 एमबीपीएस और एयरटेल की 151.88 एमबीपीएस दर्ज की गई। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में कॉल सेटअप सफलता दर, कॉल ड्रॉप दर, कवरेज, डेटा डाउनलोड और अपलोड स्पीड जैसे प्रमुख मानकों को परखा गया। परीक्षण के दौरान सभी कंपनियों के सिम कार्ड से 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर कॉल और डेटा सेशन चलाए गए और उन्नत उपकरणों से उनकी निगरानी की गई। बठिंडा शहर में एयरटेल और जियो का नेटवर्क सबसे बेहतर पाया गया, जहां कॉल ड्रॉप दर लगभग शून्य रही और डेटा डाउनलोड स्पीड क्रमशः 151.88 एमबीपीएस और 198.27 एमबीपीएस दर्ज की गई। वहीं बीएसएनएल का प्रदर्शन कमजोर रहा, जहां कवरेज गैप और कॉल ड्रॉप की समस्या अधिक दिखी। वोडाफोन आइडिया की औसत डाउनलोड स्पीड 34.07 एमबीपीएस रही।

# महिला सशक्तिकरण और मातृ-शिशु कल्याण योजनाओं से बदल रही जिंदगी: मुख्यमंत्री विष्णुदेव



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम बड़ेकनेरा में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और स्व-सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण, सुरक्षित मातृत्व, पोषण और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि जब किसी योजना का लाभ सीधे व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाता है, तभी सुशासन का उद्देश्य सार्थक होता है।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सुरक्षित मातृत्व को मिला बल**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही श्रीमती मनिता मरकाम और श्रीमती खेमलता कोर्राम को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यह योजना

# पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की लॉन्च की,एक नया और अनोखा वैरिएंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोलन:** 2026,पर्नोड रिकार्ड इंडिया के रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट ने अपने नए वैरिएंट रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की के लॉन्च की घोषणा की है।यह नया उत्पाद उन खास ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है,जो हर घूंट में अलग पहचान,गहराई और बेहतरीन अनुभव की तलाश करते हैं।यह नया वैरिएंट भारतीय व्हिस्की में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इस नए वैरिएंट में लंबी और आकर्षक बोतल दी गई है,जो प्रीमियम लुक और एलिगेंस का एहसास कराती है।इसके साथ एक प्रीमियम क्लियर-ऑन-क्लियर लेबल दिया गया है,जो इस श्रेणी में पहली बार पेश किया गया है।इस नए उत्पाद को मास्टर ब्लेंडर केविन बाल्मफोर्थ का समर्थन प्राप्त है,जो इसकी गुणवत्ता और विशेषज्ञता को और मजबूत बनाता है।ट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिस की गारंटी के साथ तैयार की गई रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की में तीन बेहतरीन विशेषताओं का समावेश किया गया है।

# गडकरी ने आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी परियोजनाओं की समीक्षा की

**सड़क सुरक्षा**

बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और सड़क सुरक्षा व टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की। यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया से प्राप्त सुझावों के आधार पर की गई। मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां हुई बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना ठेकेदार शामिल हुए। गडकरी ने बैठक में समयबद्ध कार्यान्वयन, सख्त गुणवत्ता मानकों का पालन और आधुनिक निर्माण तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि इससे राजमार्गों की आयु बढ़ेगी, संपर्क सुगम होगा, आर्थिक विकास को गति मिलेगी और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित होगी।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को व्यापक मानसून तैयारी के निर्देश भी दिए।

इसमें निवारक उपाय, प्रभावी जल निकासी प्रबंधन और मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं, ताकि बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और सड़क सुरक्षा व टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके।

# रीमा सोनी का जोरदार स्वागत किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**
उकलाना नगरपालिका की नवनिर्वाचित चेयरमैन रीमा सोनी वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पंडित होशियारी लाल शर्मा के कार्यालय पहुंची। यहां पहुंचने पर स्व. शर्मा के पुत्र प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा और राजेश शर्मा ने रीमा सोनी का जोरदार स्वागत किया। शर्मा परिवार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।
इस दौरान राजकुमार शर्मा ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए नगरपालिका चुनाव में रीमा सोनी की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता की होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सत्ताधारी भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने उकलाना में डेरा डाल लिया था।
बावजूद इसके उकलाना की जागरूक जनता ने किसी बहकावे में ना आते हुए युवा रीमा सोनी को विजयी रथ पर बिठाकर भाजपा को करारा जवाब दिया। राजकुमार शर्मा ने रीमा सोनी को कलम भेंट की। उन्होंने कहा कि यह कलम उकलाना क्षेत्र के विकास और जनसेवा की जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कलम के माध्यम से रीमा सोनी उकलाना में व्याप्त समस्याओं का एक-एक कर समाधान करेंगी और क्षेत्र को एक स्मार्ट व आदर्श नगर के रूप में विकसित करेंगी। रीमा सोनी के पिता जी महेंद्र सोनी पूर्व पार्षद और माता जी श्रीमती मलाइका सोनी थे रीमा सोनी ने शर्मा परिवार का आभार जताया और आश्वासन दिया कि वे उकलाना क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगी। इस मौके पर देवेंद्र सोनी, प्रदीप सैनी, विशाल सोनी,शेखर सोनी, मिंकू सरदार, राजकुमार चंदा,मोहन खत्री, संदीप गर्ग,विशाल गर्ग, नीरज सोनी आदि मौजूद रहे

**स्वागत**

नगरपालिका चुनाव में रीमा सोनी की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता की होती है।

19 प्रकरणों पर की गई सुनवाई, 11 प्रकरणों में सुनवाई पूर्ण- आदेश जारी करने के निर्देश

# प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में प्रमाणीकरण छानबीन समिति की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर: आ**दिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में कुल 19 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई, जिसमें कुल 07 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये एवं 12 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किये गए। सुनवाई हेतु रखे गए कुल 07 प्रकरणों में से 04 प्रकरणों पर सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए, 02 प्रकरणों पर पुनः अवसर प्रदान करने एवं 01 प्रकरण पर पुनः सोशल स्टेटस प्रस्तुत करने हेतु विजिलेंस टीम को निर्देशित किया गया। बैठक में आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डी. राहुल वेंकट (सदस्य), संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान श्रीमती हिना अनिमेष नेताम (सदस्य सचिव), संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी (सदस्य), संचालक, भू अभिलेख, विनीत नंदनवार, संयुक्त संचालक, टीआरटीआई श्रीमती गायत्री नेताम (प्रभारी अधिकारी, जाति जांच प्रकोष्ठ), श्रीमती रमा उइके (सदस्य) सहित जाति जाँच प्रकोष्ठ के एमानुअल लकड़ा (डीएसपी), जितेन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती अंजनी भगत इत्यादि उपस्थित थे। समिति के विचारार्थ रखे गए कुल 12 प्रकरणों में से 02 प्रकरणों पर गुण-दोष के आधार पर एवं 05 प्रकरणों पर सकारात्मक विजिलेंस रिपोर्ट के आधार पर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय जनजाति आयोग से प्राप्त 01 प्रकरण (55 बैगा) पर गौरेला-पैण्ड्रा-मरवाही एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तुरी, दोनों जिलों के सहायक आयुक्त एवं उच्चस्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के विजिलेंस सेल द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरणों की गहन जांच हेतु संबंधित जिलों में परिभ्रमण कर मिसल अभिलेख, वंशावली, एवं सोशल स्टेटस का सत्यापन/परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए जबकि शेष 04 प्रकरणों पर समिति द्वारा सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। सबसे महत्वपूर्ण कि उक्त 12 में से दो प्रकरणों में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। विभाग द्वारा किया जा रहा यह प्रयास निश्चित ही समान न्याय एवं प्रक्रियागत पारदर्शिता को दर्शाता है।
उल्लेखनीय है कि उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा नियमित अंतराल में बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों का निपटारा किया जा रहा है।
माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसार पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। आज की बैठक में बड़ी संख्या में पक्षकार एवं अधिवक्ता अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हुए।

# दिल्ली सरकार का किसान हितैषी बड़ा फैसला, फसल नुकसान पर मिलेगा 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसल क्षति पर दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह सहायता प्रदान करने को मंजूरी दे दी गई। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार यह निर्णय सोमवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से राजधानी के करीब 10 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा,



जिनकी फसलें पिछले वर्ष लगातार हुई भारी बारिश और प्राकृतिक नालों के उफान के कारण खेतों में हुए जलभराव से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल 10,977.44 एकड़ (लगभग 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। मुख्यमंत्री के अनुसार वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुग्रह सहायता देने का प्रावधान किया गया था। यह राशि लगभग 49,421 रुपये प्रति हेक्टेयर है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दस वर्षों से अधिक समय की अवधि में कृषि लागत में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सहायता की दर बढ़ाकर 75,000 रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी है।

### अब किसानों को पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक सहायता प्राप्त होगी

अब किसानों को पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक सहायता प्राप्त होगी। यह सहायता उन किसानों को मिलेगी जिनकी फसलें भारी वर्षा और उसके कारण खेतों में हुए जलभराव से क्षतिग्रस्त हुई हैं। वर्तमान निर्णय विशेष रूप से अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान हुई अत्यधिक वर्षा और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र के प्रभावित होने से उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में लिया गया। मुख्यमंत्री के बताया कि यह सहायता भूमि के अभिलेखित स्वामियों को दी जाएगी। कंपनियों के स्वामित्व वाली भूमि, ग्राम सभा में निहित भूमि तथा पक्की चारदीवारी वाले प्लॉट स्वरूप के फार्महाउस इस सहायता के दायरे में शामिल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के बताया कि राजस्व विभाग द्वारा कराए गए विस्तृत आकलन में पाया गया कि अगस्त-सितंबर 2025 की भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और फसल क्षति का आकलन 100 प्रतिशत किया गया। इसी के मद्देनजर कैबिनेट ने प्रभावित किसानों को पूर्ण दर से 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की अनुग्रह सहायता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में लागू व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर उसी अनुपात में तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर पूर्ण सहायता देने का प्रावधान था।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों के परिश्रम, उनकी आजीविका और कृषि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्राकृतिक आपदाओं, अत्यधिक वर्षा अथवा अन्य विपरीत परिस्थितियों के कारण जब किसानों की फसलें प्रभावित होती हैं। तब सरकार का दायित्व है कि वह उनके साथ मजबूती से खड़ी रहे और उन्हें समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए।

## जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों के लिए 'वन टाइम एमनेस्टी योजना को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर दिल्ली में रह रहे प्रवासी परिवारों के लिए वन टाइम एमनेस्टी योजना को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को पत्रकार विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि दिल्ली सरकार जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर दिल्ली में रह रहे प्रवासी परिवारों के कल्याण, पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को प्रदान की जाने वाली एड-हॉक मंथली रिलीफ (एएमआर) योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस निर्णय से दिल्ली सरकार के साथ पंजीकृत लगभग 1,832 जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को लाभ मिलेगा। यह योजना केवल उन पंजीकृत जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों पर लागू होगी, जिन्होंने 31 मार्च 2024 तक राहत प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए आय संबंधी पात्रता की शर्त को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

अब परिवार की आय कितनी भी हो या उसके पास कोई अचल संपत्ति हो, इससे राहत प्राप्त करने की पात्रता प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार में पंजीकृत पात्र प्रवासी परिवारों को वर्तमान नियमों के अनुसार राहत प्रदान की जाएगी। एक परिवार में अधिकतम चार सदस्यों तक राहत का लाभ उपलब्ध रहेगा।

**व्यवस्थित**

**लाभार्थियों के रिकॉर्ड को पूरी तरह सही और व्यवस्थित करने के लिए यह वन टाइम एमनेस्टी योजना शुरू की जा रही**

मुख्यमंत्री के बताया कि लाभार्थियों के रिकॉर्ड को पूरी तरह सही और व्यवस्थित करने के लिए यह वन टाइम एमनेस्टी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत प्रवासी परिवारों को अपने परिवार के मौजूदा सदस्यों की सही जानकारी और उनके आधार विवरण को अपडेट करने का एक और मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान अगर किसी लाभार्थी को पहले अनजाने में या किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से अधिक राहत राशि मिल गई थी तो वह पैसा उनसे वापस नहीं लिया जाएगा। पूरी पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी रिकॉर्ड की गलतियों को सुधारना है ताकि भविष्य में सरकार की तरफ से मिलने वाली राहत केवल सही और पात्र परिवारों तक ही बिना किसी रुकावट के पहुंच सके।

रेखा गुप्ता ने बताया कि वन टाइम एमनेस्टी योजना की कट-ऑफ तिथि, जिसे पहले एक अक्टूबर 2025 निर्धारित किया गया था, अब बढ़ाकर एक अप्रैल 2026 कर दिया गया है ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

## रिसर्च फंडिंग को अधिक लोकतांत्रिक बना रहा है एनएनआरएफ- डॉ. जितेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन(एनएनआरएफ) देश में रिसर्च फंडिंग को अधिक लोकतांत्रिक बना रहा है ताकि केवल बड़े संस्थान ही नहीं बल्कि स्टार्टअप्स, एमएसएमई, विश्वविद्यालयों और नए शोधकताओं को भी समान अवसर मिल सकें। राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान उन्होंने 200 करोड़ रुपये के महा वॉटर मिशन को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य जल क्षेत्र में नई तकनीकों, उत्पादों और समाधानों के विकास को बढ़ावा देना है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में पिछले दशक में स्टार्टअप्स की संख्या लगभग 400 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है। महा वॉटर मिशन के जरिए जल संरक्षण, जल गुणवत्ता, सिंचाई और जल प्रबंधन से जुड़े नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर बनेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एएआएफ की एमएएचए पहल केवल जल क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन, मेडिकल टेक्नोलॉजी, 6जी संचार और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी मिशन आधारित कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

**फंडिंग**

**मेडिकल टेक्नोलॉजी, 6जी संचार और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी मिशन आधारित कार्यक्रम चलाए जा रहे है।**

## यात्री वाहनों की बिक्री ने मई में पकड़ी रफ्तार, मारुति और किआ का नया रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच वाहन कंपनियों ने ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मई में मजबूत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की है। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी मासिक बिक्री अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गई, जबकि घरेलू बिक्री मई, 2026 में




1,93,535 इकाई रही जो पिछले साल इसी महीने में 1,38,690 इकाई थी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी कार कंपनी की कुल बिक्री 34.76 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 2,42,688 इकाई रही। कंपनी ने मई, 2025 में कुल 1,80,077 इकाइयों की बिक्री की थी। किआ इंडिया की बिक्री 23.6 फीसदी बढ़कर 27,586 इकाई पर वाहन विनिमार्ता कंपनी किआ इंडिया ने मई महीने में थोक बिक्री में 23.6 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की और उसने 27,586 वाहन बेचे हैं। कंपनी ने मई, 2025 में 22,315 इकाई बेची थीं।

## सार्वजनिक परिवहन को अपनाकर नागरिक ईंधन की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण में दें योगदानः जय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नेता सदन एवं स्थायी समिति के सदस्य जय भगवान यादव ने सोमवार को नागरिकों से सार्वजोनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समय-समय पर ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत के लिए दिए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में उन्होंने स्वयं सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर एक सकारात्मक



उदाहरण प्रस्तुत किया।

जय भगवान यादव आज अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो एवं ई-रिक्शा से यात्रा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाएं न केवल सुविधाजनक और सुरक्षित हैं बल्कि समय एवं संसाधनों की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका यह सफर अत्यंत सरल, सुगम एवं आरामदायक रहा। नेता सदन ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और यातायात के दबाव के बीच सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग ही प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और ईंधन की खपत को कम करने का प्रभावी उपाय है। यदि अधिक से अधिक नागरिक निजी वाहनों के स्थान पर मेट्रो, बसों तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करेंगे तो इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। सार्वजनिक परिवहन को अपनाकर प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इससे न केवल पेट्रोल एवं डीजल की खपत कम होगी बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जय भगवान यादव ने दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दैनिक यात्राओं में यथासंभव मेट्रो, बस और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करें तथा ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के इस जन अभियान का हिस्सा बनें।

**जिम्मेदारी**

**समय-समय पर ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत के लिए दिए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी**



दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को मेट्रो मंडे अभियान के तहत मेट्रो से यात्रा की। सभी से जनभागीदारी करने की अपील की। मेट्रो मे यात्रा के दौरान मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अपील के अनुरूप आज भी मेट्रो से यात्रा की। मेट्रो हमारे लिए केवल एक जगह से दूसरे जगह तक पहुंचने का साधन ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने की पहचान भी है।

## ब्रजेश कुमार सिंह केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह के. सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने ब्रजेश कुमार सिंह को बेंगलुरु मुख्यालय स्थित केनरा बैंक एमडी और सीईओ के पद पर नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी है। उनकी यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से लेकर उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख यानी 30 अप्रैल, 2029 तक प्रभावी रहेगी। ब्रजेश कुमार सिंह वर्तमान में इंडियन बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वह 30 अप्रैल, 2029 सेवानिवृत्ति की आयु तक इस पद पर कार्य करेंगे। वह के. सत्यनारायण राजू की जगह लेंगे, जो दिसंबर 2025 में अपने पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने दिसंबर 2025 में केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पद के लिए सिंह के नाम की सिफारिश की थी।

**जिम्मेदारी**

**दिसंबर 2025 में केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पद के लिए सिंह के नाम की सिफारिश की थी**

## 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' होगी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हर साल 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है। यह थीम शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। इस थीम को जारी करते हुए सोमवार को केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा कि बढ़ती जीवन प्रत्याशा के दौर में केवल लंबा जीवन ही नहीं बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवन भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को गरिमापूर्ण और स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ाने की कला



सिखाता है। स्वस्थ वृद्धावस्था में योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। योग शरीर की लचीलापन, संतुलन और गतिशीलता बनाए रखने में मदद करता है। श्वास अभ्यास, ध्यान और माइंडफुलनेस मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक संतुलन को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर योग और स्वस्थ वृद्धावस्था पर शोध तेजी से बढ़ा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 में इस विषय पर 183 शोध-पत्र प्रकाशित हुए थे। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1,207 हो गई। 2020 में शोध-पत्रों की संख्या 500 के पार पहुंच गई थी। यह वृद्धि दशार्ती है कि उम्र से जुड़ी शारीरिक और मानसिक चुनौतियों के समाधान में योग की उपयोगिता को वैज्ञानिक समुदाय भी स्वीकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग से सिल्वर इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा। भारत में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी अर्थव्यवस्था- जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं, वेलनेस, पुनर्वास, डिजिटल हेल्थ और बुजुर्गों की देखभाल शामिल है- लगभग 73,000 करोड़ रुपये की मानी जाती है।

### कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को परिषद क्षेत्र में स्थापित वाटर एटीएमों का स्थलीय निरीक्षण किया

## वाटर एटीएम पर एनडीएमसी ने शुल्क किया खत्म, अब मुफ्त में मिलेगा ठंडा पानीः कुलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को परिषद क्षेत्र में स्थापित वाटर एटीएमों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता, मशीनों की कार्यक्षमता, स्वच्छता मानकों तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत चहल ने कहा कि राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए एनडीएमसी ने जनहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि दो जून से परिषद क्षेत्र के सभी 38 वाटर एटीएमों से नागरिकों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों, पर्यटकों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ, शीतल एवं सुरक्षित पेयजल सहज रूप से उपलब्ध कराना है। चहल ने बताया कि वर्तमान में एनडीएमसी क्षेत्र के 23 वाटर एटीएमों पर 300 मिलीलीटर पेयजल एक रुपये के शुल्क पर उपलब्ध कराया जा रहा था, जबकि 15 वाटर एटीएम पहले से ही निःशुल्क



सेवा प्रदान कर रहे थे। अब सभी 38 वाटर एटीएमों पर पेयजल पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध होगा। चहल ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में एनडीएमसी द्वारा वाटर एटीएम परियोजना की शुरूआत की गई थी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप(पीपीपी) मॉडल पर विकसित की गई थी, जिसके अंतर्गत डिजाइनिंग, वित्तपोषण, स्थापना, संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था सात वर्षों के लिए की गई थी। चहल ने बताया कि पूर्व में इन वाटर एटीएमों का संचालन एवं रखरखाव स्थापना एजेंसी द्वारा किया जाता था, किंतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (एएमसी) की अवधि पूर्ण होने के बाद एनडीएमसी के जल आपूर्ति विभाग ने यह जिम्मेदारी स्वयं संभाल ली। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इन-हाउस संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था प्रभावी ढंग से की जा रही है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता, निगरानी और जवाबदेही में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि वाटर एटीएम परियोजना एनडीएमसी की स्मार्ट, स्वच्छ और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल न केवल नागरिक सुविधा को सुदृढ़ करती है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सतत शहरी विकास को भी बढ़ावा देती है। चहल ने कहा कि यह परियोजना सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

**सुविधा**

**स्वच्छता मानकों तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया**

## कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक का सहायक उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक के सहायक उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। ईडी के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने 1 जून को उसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार किया। विशेष पीएमएलए अदालत, पंचकूला ने सिंह को नौ दिन की ईडी कस्टडी में भेजा है, जो 9 जून तक रहेगी। जांच की शुरूआत एसीबी, पंचकूला द्वारा दर्ज एफआईआर से हुई थी। इसमें कोटक महिंद्रा बैंक के अज्ञात अधिकारियों पर नगर निगम पंचकूला के 145 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप लगाया गया था। ईडी की जांच में सामने आया कि नगर निगम अधिकारियों, बैंक अधिकारियों और निजी व्यक्तियों ने मिलकर सरकारी धन की हेराफेरी की। दिलीप कुमार राघव (कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर) ने पुष्पेन्द्र सिंह और विकास कौशिक (पूर्व वरिष्ठ लेखा अधिकारी, नगर निगम पंचकूला) के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम के नाम से दो बैंक खाते खोले। इन खातों से धन को फर्जी प्राधिकरण पत्रों के जरिए इन अवैध खातों में स्थानांतरित किया गया। बाद में यह रकम राजत दहरा, स्वाति तोमर, कपिल कुमार और विनोद कुमार जैसे फाइनेंसर्स को भेजी गई। जांच में पाया गया कि ये सभी फाइनेंसर्स पुष्पेन्द्र सिंह के निदेशों पर काम कर रहे थे। ईडी ने बताया कि इन फाइनेंसर्स द्वारा प्राप्त धन को वापस पुष्पेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी प्रीति ठाकुर के पास भेजा गया।

# जिला में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का हुआ आयोजन

**प्रशिक्षण शिविर**

**12 अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रमों में लगभग 412 प्रतिभागियों की रही सक्रिय भागीदारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के निमित्त आज जिला में 10 जगह अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में लगभग 412 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में सभी वार्ड के पार्षदों ने शोभा बढाई।

प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ-आयुष योग सहायकों द्वारा प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें सूक्ष्म क्रियाओं से लेकर विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं वैदिक मंत्र सम्मिलित हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली।

हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि योग के माध्यम से एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व के कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है कि फिट हरियाणा, योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त और स्वस्थ भविष्य की दिशा में जन-आंदोलन है।

आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि जिला करनाल में पतंजलि योग समिति 150 योग कक्षाएं, मेरा मिशन स्वस्थ भारत 20 योग कक्षाएं, भारतीय योग संस्थान 8 योग कक्षाएं, करण योग संस्थान एक योग कक्षा, हमारा मिशन स्वस्थ भारत एक योग कक्षा तथा हार्टफूलनेस संस्थान एक योग कक्षा के सहयोग से कुल 181 कक्षाओं में प्रतिदिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 5000 योग साधक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं

आज आयुष विभाग द्वारा योग संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में 10 जगह विशेष प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए गए, जिसमें 412 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. अमित ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष में जिला करनाल में 2 जून को ब्लॉक स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभा तथा हरियाणा योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला करनाल में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 2 जून को करण स्टेडियम करनाल में प्रातः 8 बजे शुरू होगी। इसके लिए आप अपने आयु वर्ग का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरकर प्रातः 8 बजे पहुंचें। यह प्रतियोगिता पुरुषों तथा महिलाओं के 2 आयु वर्ग में होगी 10 से 18, 18 से 55 इन आयु वर्ग के लोग इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 5 योगासन कंपलसरी होंगे तथा 2 योगासन ऑप्शनल होगा।

# अपनी मातृभाषा में शिक्षा ही वैज्ञानिक पद्धति : प्राचार्य हरमिन्द्र सिंह

**समर कैंप**

**राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का गरिमामयी समापन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद, 1जून :** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतेहाबाद में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार पिछले कई दिनों से चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप का भव्य समापन हो गया। इस विशेष कैंप के मुख्य अतिथि, मुख्य मार्गदर्शक और जाने-माने शिक्षाविद स्कूल के प्राचार्य हरमिन्द्र सिंह रहे। समापन समारोह में प्राचार्य ने छात्रों को भाषा के महत्व और जीवन में अनुशासन की सीख देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। समारोह को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए प्राचार्य हरविंद्र सिंह ने कहा



कि अपनी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करना ही असली वैज्ञानिक पद्धति है। भाषा केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों को दूसरों तक बेहद आसानी से पहुंचा सकते हैं। छात्रों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में अधिक से अधिक भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। हमें हर भाषा का सम्मान करना चाहिए क्योंकि भाषा ही समाज, देश और पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। यह एक पुल की तरह दो किनारों को जोडकर रखती है। इस तपती गर्मी में भी कैंप में बढ़-चढकर भाग लेने वाले विद्यार्थियों की पीठ थपथपाते हुए प्राचार्य हरविंद्र सिंह ने कहा कि यह समर कैंप बच्चों के भविष्य निर्माण में एक मजबूत स्तंभ साबित होगा। उन्होंने भावुक और प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि इस भीषण गर्मी में जो पसीना आप आज बहा रहे हैं, एक दिन यही पसीना आपको कामयाबी के शिखर तक पहुंचाने में मददगार सिद्ध होगा। आप जितनी अधिक भाषाएं सीखेंगे, आपका जीवन उतनी ही सफलताओं से जुड़ता चला जाएगा। प्राचार्य ने छात्र जीवन को उज्ज्वल बनाने के लिए विकास की इमारत के चार मुख्य स्तंभों का जिक्र किया, जो हैं–सेवा, समर्पण, त्याग और अनुशासन। कैंप के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# पीएम के आह्वान को जन-आंदोलन बनाएं और अपने आस पास के माहौल को नशामुक्त करने का प्रण लें : भवानी सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद, 1जून :** समाज को नशामुक्त करने के महाअभियान में जुटे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट व नशामुक्ति सेना के संस्थापक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व का 134वां एपिसोड अपने पूरे परिवार के साथ घर पर रहकर सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के विशेष आह्वान की सराहना करते हुए समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। भवानी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात में देशवासियों से एक विशेष आग्रह किया है। पीएम मोदी ने आह्वान किया है कि देश हित के लिए हर नागरिक को किसी न किसी सामाजिक सेवा के कार्य को



चुनना चाहिए और उसे सेवा के रूप में देश को समर्पित करना चाहिए।भवानी सिंह ने प्रधानमंत्री के इस संदेश का स्वागत करते हुए कहा मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बताए मार्ग पर हम और हमारी पूरी नशामुक्ति सेना की टीम पहले से ही अग्रसर है। हम समाज सेवा के इस पवित्र कार्य में 100 प्रतिशत ईमानदारी और निष्ठा के साथ लगे हुए हैं। भवानी सिंह ने महाअभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि आज नशा समाज के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है। युवा पीढ़ी को इस दलदल से निकालना ही देश की सच्ची सेवा है। उन्होंने दृढ़ संकल्प जताते हुए कहा कि हमारा और हमारी टीम का केवल एक ही मुख्य लक्ष्य है, हमें अपने फतेहाबाद और हरियाणा के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष को नशा मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी शब्दों से हमारी टीम को एक नई ऊर्जा मिली है और हम इस महाअभियान को गांव-गांव, घर-घर तक लेकर जाएंगे। भवानी सिंह ने अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त भारत का सपना केवल सरकार या किसी एक संस्था के प्रयासों से पूरा नहीं हो सकता।

# रेत से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलटा, बड़ा हादसा टला

**रादौर, 1 जून (कुलदीप सैनी) :** एसके मार्ग पर अनाज मंडी के समीप सोमवार अल सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब रेत से लदा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क पर पलट गया। हादसे के समय सड़क पर आवाजाही कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। यदि उस समय मार्ग पर अन्य वाहन या राहगीर मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार, रेत से भरा ट्रक इस मार्ग से गुजर रहा था। अनाज मंडी के पास पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराया और फिर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में भरी रेत सड़क पर फैल गई, जिससे मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रादौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# गुरनाम सैनी की नियुक्ति से समाज और क्षेत्र को मिलेगा लाभः सतीश सैनी



**प्रशिक्षण शिविर**
**रादौर, 1 जून (कुलदीप सैनी)** : सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सैनी को हरियाणा सरकार द्वारा चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर सैनी समाज में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा रादौर मंडल के महामंत्री सतीश सैनी ने साथियों संग गुरनाम सैनी को पगड़ी व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर सतीश सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गुरनाम सैनी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गुरनाम सैनी लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं तथा समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। सतीश ने कहा कि गुरनाम सैनी की नियुक्ति से समाज और क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उनकी कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए सरकार ने उन पर भरोसा जताया है। इस अवसर पर लाभ सिंह सैनी धौलरा, सत्यवान सैनी, वीरेंद्र सैनी, रामबीर, रतनलाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

# प्रज्ज्वल मौत मामलाः परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप, सीआईए जांच की मांग



**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 1 जून।** बुडिया थाना क्षेत्र के गांव साबापुर निवासी 19 वर्षीय प्रज्ज्वल की यमुना नदी में डूबने से हुई मौत का मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। जहां पुलिस की प्रारंभिक जांच में इसे डूबने से हुई मौत माना जा रहा था, वहीं अब मृतक के परिजनों ने उसके साथ गए दो युवकों पर साजिश के तहत हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।

सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों के साथ मृतक का परिवार लघु सचिवालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को शिकायत सौंपकर मामले की जांच सीआईए-2 से करवाने तथा आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस दौरान बेटे की मौत से आहत मां इंसाफ की गुहार लगाते हुए रो पड़ीं और उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला।

मृतक की बहन रेनू देवी ने बताया कि 25 मई को दोपहर करीब 12:30 बजे गांव का एक युवक और उसका जीजा मोटरसाइकिल पर उनके घर पहुंचे और प्रज्ज्वल को अपने साथ ले गए। उनका आरोप है कि दोनों युवक उसे योजनाबद्ध तरीके से ओदरी घाट स्थित यमुना नदी पर ले गए, जहां नशीला पदार्थ खिलाने के बाद गहरे पानी में फेंक दिया गया।

परिजनों ने घटना को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब प्रज्ज्वल का शव नदी से बाहर निकाला गया तो उसके शरीर पर टी-शर्ट और कैपरी मौजूद थी। सामान्यतः स्नान करने वाला व्यक्ति पूरे कपड़ों सहित पानी में नहीं उतरता। इसके अलावा घटना के समय उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था, जिससे परिवार का संदेह और गहरा गया।

रेनू देवी ने आरोप लगाया कि उन्होंने घटना के बाद बुडिया थाना पुलिस को लिखित शिकायत देकर हत्या का मामला दर्ज करने और आरोपितों से पूछताछ की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पुलिस पर मामले में गंभीरता नहीं बरतने का आरोप लगाया।

गौरतलब है कि 25 मई को 12वीं कक्षा का छात्र प्रज्ज्वल अपने दोस्त और उसके जीजा के साथ पहले पश्चिमी यमुना नहर क्षेत्र में गया था। बाद में वे ओदरी घाट स्थित यमुना नदी पहुंचे, जहां स्नान के दौरान उसके डूबने की सूचना मिली थी। सूचना पर बुडिया थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची थी। करीब दो घंटे के सर्च अभियान के बाद युवक का शव नदी से बरामद किया गया था।

# दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सागर उर्फ लाडा पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी करनाली गेट थाना तरावड़ी जिला करनाल तथा बन्टी पुत्र रामबली निवासी खेड़े वाली गली, नजदीक गुरुद्वारा गेट थाना तरावड़ी जिला करनाल के रूप में हुई है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि 27 मई की रात दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी दुकान का दरवाजा तोडकर दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। शिकायत के आधार पर थाना तरावड़ी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का जल्द हो निपटानः नगराधीश



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधान पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहें थे। इस दौरान नगराधीश ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतें मार्क करते हुए समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर समाधान शिविर में मुन्नामाजरा से राजकुमार ने परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय कम करवाने को लेकर अपनी समस्या रखी, गांव अंधेरी से रविंद्र कुमार ने फैमिली आईडी में इंकम वैरिफिकेशन करवाने बारें, गांव मलौर से भगवंत कौर ने वृद्धावस्था पेंशन बनवाने को लेकर, शाहपुर से पिंकी रानी ने योजना के तहत पक्का मकान बनवाने हेतु सहायता बारें व अन्यों ने अपनी समस्याएं रखी। नगराधीश ने सभी की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

**कीमतों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष मार्च निकाला**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर, 1 जून। बढ़ती महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की लगातार बढ़ रही कीमतों के विरोध में सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने यमुनानगर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता सुबह जगाधरी अनाज मंडी के बाहर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष मार्च निकाला।प्रदर्शनकारी बाद में सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। इस दौरान इनेलो नेताओं ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से नहीं निभा रहा है।इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर खाद्य पदार्थों, दैनिक उपयोग की वस्तुओं और विभिन्न सेवाओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि फल, सब्जियां, अनाज, दूध, दही, घी सहित अन्य डेयरी उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का घरेलू बजट भी बिगाड़ दिया है।

इनेलो नेताओं ने कहा कि निर्माण सामग्री, कपड़े, दवाइयां और अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। डीजल की बढ़ी कीमतों का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है, क्योंकि ट्रैक्टर, ट्यूबवेल और कृषि मशीनें डीजल से संचालित होती हैं। इसके अलावा खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री की कीमतों में वृद्धि से किसानों की लागत लगातार बढ़ रही है।

पूर्व विधायक दिलबाग सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की कीमतों में तत्काल राहत दे तथा पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए करों में कमी करे। साथ ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं करती तो इनेलो बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका को प्रभावी तरीके से नहीं निभा रही है, जबकि इनेलो आमजन से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रोशन लाल, प्रदेश महासचिव मंगत राम सेनी, जाहिद खान सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शाहाबाद मारकंडा में माइनिंग ठेकेदार को गोली मारकर बदमाश फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा(प्रदीप कुमार**)हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद में रविवार रात माइनिंग कारोबार से जुड़े एक ठेकेदार को गोली मार दी गई। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल ठेकेदार को पहले शाहाबाद के सरकारी अस्पताल लाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे आदेश मेडिकल रेफर कर दिया।

घायल की पहचान सुनील भाटिया उर्फ बंटी के रूप में हुई है। सुनील भाटिया शाहाबाद के गांव तंगौर का रहने वाला है और फिलहाल रोड शाहाबाद में रह रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।



नाकाबंदी करवाकर पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। बाइक सवार 2 हमलावरों ने मारी गोली शुरूआती जानकारी के मुताबिक, रविवार रात करीब सवा 9 बजे सुनील भाटिया जलेबी पुल के पास मौजूद था। इसी दौरान बाइक पर आए 2 हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया।मिट्टी डलवाने के बहाने आए सुनील भाटिया के पास काम करने वाले मुंशी हन्नी ने बताया कि हमलावर मिट्टी डलवाने का बहाना बनाकर पहुंचे थे। उनको ठेकेदार की पहचान नहीं थी।

इसलिए उन्होंने पहले नाम पूछकर कंफर्म किया और नंबर भी लिया। सुनील वापस जाने लगा, तो उन्होंने आवाज लगाकर पीछे मुड़ने के बोला और गोलियां दाग दीं।

**जांघ और गर्दन में लगीं गोलियां**

बदमाशों ने पहली गोली सुनील की जांघ में मारी। दूसरी गोली सुनील की गर्दन को छूकर निकल गई। इसके बाद बदमाश बाइक पर फरार हो गए और सुनील जमीन पर गिर पड़ा। उन्होंने तुरंत गाड़ी से सुनील को अस्पताल तक पहुंचाया। फिलहाल सुनील की हालत गंभीर बनी हुई है।

**पहचान नहीं थी, इसलिए नाम पूछा**

हन्नी ने बताया कि घटना से कुछ टाइम पहले ही सुनील भाटिया लौटे थे। सुनील के आने से पहले ही हमलावर घटनास्थल पर पहुंचे थे। इसलिए वे वहां पहले से मौजूद संजीव के साथ बातचीत कर रहे थे। सुनील के आने पर संजीव ने उनको बातचीत के लिए भेज दिया।

**हमलावर पूरी प्लानिंग के**

पुरानी रंजिश और माइनिंग एंगल पर जांच घटना के बाद शाहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। शुरूआती जांच में मामला पुरानी रंजिश और माइनिंग कारोबार से जोड़कर देखा जा रहा है।

फिलहाल पूरे इलाके में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

# अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर राजसिंह गोदारा ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 1 जून (मैनपाल कश्यप)** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओ और नेताओं में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजसिंह गोदारा ने अर्चना गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजसिंह गोदारा ने कहा कि अर्चना गुप्ता एक कर्मठ, अनुभवी एवं संगठन के प्रति समर्पित नेता हैं। उनके नेतृत्व में



भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अर्चना गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। गोदारा ने कहा कि भाजपा हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठन की मजबूती को प्राथमिकता देती है। अर्चना गुप्ता की नियुक्ति से पार्टी को प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को भी उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

# संपादकीय

## अमेरिका में भारत व हिंदू विरोधी ताकतें फिर सक्रिय

**पश्चिम** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अमेरिका में बैठा भारत व हिन्दू विरोधी गैंग फिर से जाग उठा है क्योंकि बंगाल लहराता भगवा उसे पसंद नहीं आ रहा है। बंगाल में हिंदुत्व की विजय से छद्म धर्मनिरपेक्ष लॉबी को नींद नहीं आ रही है। अमेरिका से जैसे समाचार आ रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि बंगाल चुनावों के दौरान बीजेपी को रोकने के लिए जो प्रयास किए जा रहे थे उनको अमेरिकी डीप स्टेट का संरक्षण प्राप्त था। विगत दिनों सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कॉकरोच शब्द का प्रयोग कर दिया देखते देखते अमेरिका मे बैठे कुछ लोगों ने इसे पकड़ लिया और कॉकरोच जनता पार्टी बना दी। इस पार्टी का संस्थापक आम आदमी पार्टी का ही संस्थापक सदस्य अभिजीत दीपके है। कॉकरोच जनता पार्टी के नाम पर कहा जाने लगा कि अगर युवाओ की बात नही सनी गई तो यह कॉकरोच जनता पार्टी जिसके दो करोड़ से अधिक सोशल मीडिया फॉलोअर बन चुके हैं, देश में क्रांति कर देगी। भारत की विरोधी पार्टियों ने कॉकरोजनता पार्टी को हाथों हाथ लिया और टीवी चैनलों पर बहस के दौरान इस पार्टी का भय दिखाने लगे। ये भूल गए कि धरातल पर भारतीय जनता पार्टी दुनिया के 14 करोड़ से अधिक कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। अमेरिका की एक संस्था यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम कथित रूप से दुनिया भर में धार्मिक स्वतंत्रता के लिए काम करती है। ये संस्था स्वयं को धार्मिक आजादी की स्वयंभू पहरेदार और रक्षक मानती है। वास्तविकता यह है कि यह संस्था सनातन हिंदू धर्म के प्रति अपनी कुंठित मानसिकता के कारण जानी जाती है और अवसर मिलते ही हिंदुओं के प्रति विकृत घृणा का प्रदर्शन करती दिखाई देती है। यह संस्था हिंदुओं के प्रति नफरत से भरी हुई है । इस संस्था ने भारत में धार्मिक आजादी खतरे में है‌ का दुष्प्रचार किया है। इस बार इसके निशाने पर तीन मुख्यमंत्री हैं उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, असम के हिमंता बिस्वा सरमा और उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के बाद इस सूचि में स्वाभाविक रूप से शुभेंदु अधिकारी का नाम भी जुड़ गया है । इसी अमेरिकी संस्था की एक सुनवाई में अपने आप को तथाकथित मानवाधिकार कार्यकर्ता व पत्रकार बताने वाला रकीब हमीद नाइक भी पंहुचा और उसने इन लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों पर जहर उगलते हुए इन पर रोक लगाने की मांग की। रकीब अहमद नाइक मूल रूप से कश्मीर का रहने वाला है और उसका एकमात्र कार्य भारत विरोध है। यह हिंदुत्व वाच के नाम से एक संगठन भी चलाता है जिसका काम हिंदुत्व को घृणा व नफरत के तौर पर ट्रैक करना। रकीब का ये संगठन भारत में भी हिंदू राष्ट्रवाद की निगरानी करता है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# क्लिक से पहले सोचें : सोशल मीडिया सुरक्षा के मूल मंत्र



सुनील कुमार महला

> वास्तव में, केवल बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करना ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्लेटफॉर्म कंपनियों को अपने एल्गोरिदम और फीचर्स सुरक्षित बनाने होंगे। इतना ही नहीं, बच्चों का डेटा संग्रह और उसका व्यावसायिक उपयोग सीमित करने की आवश्यकता है तथा इसमें यह भी कहा गया है कि उनकी निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए।सरल शब्दों में कहें तो आयोग का यह मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि बच्चों की सुरक्षा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले

**आज** का युग सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट,एआइ का युग है और कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में सोशल मीडिया बच्चों और किशोरों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हालांकि, इसके अनेक लाभ हैं, लेकिन इसके बढ़ते दुष्प्रभावों को लेकर दुनिया भर में चिंता भी बढ़ रही है। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई मार्गदर्शिका जारी की है।इस क्रम में बहरहाल,यहां पर पाठकों को बताता चलूं कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने हाल ही में 'बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सही रखना'( गेटिंग चिल्ड्रेन्स सेफ्टी आनलाइन राइट) नामक एक मार्गदर्शिका (गाइडलाइंस) जारी की है। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को बच्चों तथा किशोरों के लिए अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह मार्गदर्शिका क्यों जारी की गई है? तो इस प्रश्न का सीधा सा और सटीक उत्तर यह है कि आज बच्चे और किशोर इंटरनेट पर कई प्रकार के खतरों(जैसा कि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है) का सामना कर रहे हैं, जैसे कि साइबर बुलिंग, ऑनलाइन यौन शोषण और उत्पीड़न,गोपनीयता (प्राइवेसी) का उल्लंघन, हिंसक, अश्लील या आत्महत्या को बढ़ावा देने वाली सामग्री, सोशल मीडिया की लत बढ़ाने वाले फीचर (इनफाइनाइट स्क्राल, आटो-प्ले, लगातार नोटिफिकेशन आदि) भ्रामक जानकारी और हेट स्पीच आदि। हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर पर इस मार्गदर्शिका की प्रमुख बातों की बात करें तो इसमें 'सेफ बाइ डिजाइन' सिद्धांत को अपनाने की बात कही गई है। अर्थात ऐसे प्लेटफॉर्म्स की डिजाइन ही ऐसी हो कि बच्चों की सुरक्षा पहले से सुनिश्चित हो।

वास्तव में, केवल बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करना ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्लेटफॉर्म कंपनियों को अपने एल्गोरिद्म और फीचर्स सुरक्षित बनाने होंगे। इतना ही नहीं, बच्चों का डेटा संग्रह और उसका व्यावसायिक उपयोग सीमित करने की आवश्यकता है तथा इसमें यह भी कहा गया है कि उनकी निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए।सरल शब्दों में कहें तो आयोग का यह मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि बच्चों की सुरक्षा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले।

हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन शोषण और साइबर बुलिंग को रोकने के लिए मजबूत निगरानी और शिकायत तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है। यह भी कहा गया है कि सरकारों को ऐसे कानून और नियम बनाने चाहिए जो बच्चों के डिजिटल अधिकारों और सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करें। संयुक्त राष्ट्र का यह कहना है कि बच्चों को इंटरनेट से दूर करना ही समस्या का समाधान नहीं है। उन्हें शिक्षा, संवाद और जानकारी के लिए डिजिटल दुनिया तक पहुंच भी चाहिए। इसलिए आवश्यक है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए सुरक्षित, जिम्मेदार और अधिकार-आधारित डिजिटल वातावरण तैयार करें। कहना गलत नहीं होगा कि वास्तव में यह मार्गदर्शिका सरकारों, टेक कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए एक दिशा-निर्देश है, ताकि किशोरों को ऑनलाइन दुनिया के खतरों से बचाते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

यहां पर यह गौरतलब है कि विश्व में कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या उसे नियंत्रित करने की दिशा में कदम उठाए हैं।पाठक जानते होंगे कि ऑस्ट्रेलिया ने इस संबंध में कानून भी बना दिया है, जबकि फ्रांस, स्पेन, यूनान, डेनमार्क, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देश भी ऐसे उपायों पर काम कर रहे हैं। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्ण प्रतिबंध लगाने से बच्चे अधिक जोखिम वाले और अनियंत्रित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर जा सकते हैं, जिससे खतरे और बढ़ सकते हैं। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पिछले कुछ सालों में भारत में भी इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सच तो यह है कि देश में स्मार्टफोन और सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता ने बच्चों को कम उम्र में ही डिजिटल दुनिया से जोड़ दिया है। हाल के एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रिपोर्ट(एएसईआर)-2024 सर्वेक्षण के अनुसार 14-16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 82% बच्चे स्मार्टफोन चलाना जानते हैं, जबकि 76% बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। लगभग 90% बच्चों के घरों में स्मार्टफोन उपलब्ध है। भारत में 2024 की शुरूआत तक 75 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता और 46 करोड़ से अधिक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे, जिससे बच्चों की ऑनलाइन भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। बढ़ती डिजिटल पहुंच ने बच्चों को शिक्षा, जानकारी और संवाद के नए अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, गोपनीयता के खतरे, फर्जी जानकारी और डिजिटल लत जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसी कारण बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग आज एक महत्वपूर्ण सामाजिक और नीतिगत विषय बन गया है।पाठक जानते हैं कि कोरोना महामारी के बाद ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल गतिविधियों के विस्तार से बच्चों की इंटरनेट पर निर्भरता काफी बढ़ गई है। कई रिपोर्टों के अनुसार लंबे समय तक सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों की एकाग्रता, सोचने-समझने की क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, भ्रामक जानकारी और अनुचित सामग्री तक पहुंच जैसी समस्याएं भी गंभीर चिंता का विषय हैं।ऐसी स्थिति में केवल प्रतिबंध लगाना पर्याप्त समाधान नहीं माना जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जाए। अभिभावकों की निगरानी, डिजिटल साक्षरता, सोशल मीडिया उपयोग की समय-सीमा, ऑटोप्ले और अनंत स्क्रॉलिंग जैसी सुविधाओं पर नियंत्रण तथा बच्चों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करना महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। भारत की परंपरा संतुलन और समग्र दृष्टिकोण की रही है, इसलिए यहां भी ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो बच्चों को इंटरनेट के लाभों से वंचित किए बिना उन्हें सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रख सके।



## स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और सतत भविष्य की ओर

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**प्रतिवर्ष** 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2018 में यूनाईटेड नेशन ने आधिकारिक रूप से इस दिवस को मान्यता दी थी। इसका उद्देश्य केवल साइकिल चलाने को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सतत विकास के प्रति वैश्विक जागरूकता उत्पन्न करना है। आज जब दुनिया प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और जीवनशैली जनित बीमारियों से जूझ रही है, तब साइकिल केवल एक साधारण वाहन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा और समाधान का प्रतीक बनकर उभर रही है। एक समय था जब साइकिल भारतीय समाज की जीवनरेखा मानी जाती थी। गांवों से लेकर शहरों तक शिक्षक, विद्यार्थी, डाकिया, किसान और कर्मचारी साइकिल से ही अपने दैनिक कार्यों के लिए निकलते थे। सादगी, श्रम और आत्मनिर्भरता की पहचान रही साइकिल धीरे-धीरे आधुनिकता की अंधी दौड़ में उपेक्षित होने लगी। मोटर वाहनों की बढ़ती संख्या ने सड़कों को तो भर दिया, लेकिन वातावरण को धुएं, शोर और अव्यवस्था से भी भर दिया। आज महानगरों में घंटों का ट्रैफिक जाम, बढ़ता प्रदूषण और तनावपूर्ण जीवन इसी असंतुलित विकास का परिणाम है। ऐसे समय में साइकिल मानव जीवन को पुनः संतुलन की ओर ले जाने का माध्यम बन सकती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नियमित साइकिल चलाने से हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं में कमी आती है। यह शरीर को सक्रिय रखती है और मन को भी सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। आधुनिक जीवनशैली में जहां लोग कृत्रिम व्यायाम केंद्रों में स्वास्थ्य खोज रहे हैं, वहीं साइकिल स्वाभाविक और सहज स्वास्थ्य साधन के रूप में सामने आती है।

पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल सबसे स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन साधनों में से एक है। यह न पेट्रोल मांगती है, न डीजल, न गैस और न ही बिजली। इससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य होता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चिंता कर रही है, तब साइकिल पर्यावरण संरक्षण का सबसे सरल उपाय सिद्ध हो सकती है। यदि शहरों में छोटी दूरी के लिए लोग मोटर वाहनों के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें तो प्रदूषण और ईंधन खपत दोनों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। भारत जैसे विकासशील देश में साइकिल का महत्व सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत बड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग साइकिल पर निर्भर हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए यह सबसे सस्ता, सुलभ और विश्वसनीय परिवहन साधन है। अनेक राज्यों में छात्राओं को साइकिल वितरण योजनाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन किए हैं। साइकिल ने केवल दूरी नहीं घटाई, बल्कि शिक्षा और आत्मविश्वास के रास्ते भी खोले हैं।

# विचार

## कब तक चलेगा अगली पेशी अगले साल का सिलसिला

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**अगली** पेशी अगले साल यह देश की अदालतों में होता रहा है लेकिन हाल ही मे सुप्रीम कोर्ट ने न्याय में देरी को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए सभी हाईकोर्ट्स को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, सुनवाई के बाद सुरक्षित रखे गए सभी फैसले अधिकतम तीन महीने (90 दिन) के भीतर सुनाने अनिवार्य हैं। वहीं, जमानत से जुड़े मामलों में 24 घंटे के भीतर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा पहली बार नहीं है पूर्व में भी पूर्व सीजेआई सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र और सत्तारूढ़ नेता समय समय पर देश की न्याय व्यवस्था में देरी की समस्या का समाधान खोजने का वायदा दावा और बयान करते रहे हैं लेकिन हर बार ढाक के वहीं तीन पात। न्याय मे देरी का सिलसिला नया नहीं है, लेकिन जब अदालतें बहस पूरी होने के बाद भी वर्षों तक फैसले सुरक्षित रखती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं रह जाती, बल्कि न्याय के मूल सिद्धांत पर सवाल खड़ा करती है। यह वह कड़वी सच्चाई है कि अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं और न्याय की उम्मीद लिए लोग तारीख पर तारीख काटते रहते हैं। कई मामलों में फैसला तब आता है, जब पीड़ित की उम्र, आर्थिक शक्ति और मानसिक ऊर्जा लगभग खत्म चुकी होती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि देर से मिला न्याय क्या सचमुच न्याय कहलाया जा सकता है? इस मामले में सुप्रीम कोर्ट कई बार निचली अदालतों को सचेत कर चुका है। एक बार फिर से हाईकोटों में फैसलों में हो रही देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर चिंता जताते हुए स्पष्ट कहा है कि किसी भी मामले में फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसे तीन महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए। यदि तीन महीने तक फैसला नहीं आता है, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को वह मामला चीफ जस्टिस के सामने रखना होगा। यह निर्देश केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि न्यायिक जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट इसी गंभीर स्थिति पर सख्त रुख अपनाते हुए जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अदालत ने साफ कहा है कि फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसे अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समय पर दिखना भी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि कोई भी फैसला रिजर्व होने के तीन महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया को अनुशासित करने वाला कदम है। यदि तीन महीने के भीतर फैसला नहीं सुनाया जाता, तो संबंधित हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार जनरल मामला मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखेगा। मुख्य न्यायाधीश अधिकतम दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दे सकते हैं। इसके बाद भी फैसला न आए तो मामला दूसरी बेंच को स्थानांतरित किया जा सकेगा। यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, है, क्योंकि किसी भी मुकदमे में फैसला सुरक्षित होने का अर्थ यह नहीं कि पक्षकारों की प्रतीक्षा अनंत हो जाए। सबसे गंभीर पहलू उन मामलों का है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े हैं। जमानत, अग्रिम जमानत, सजा पर रोक या जेल में बंद विचाराधीन कैदियों से जुड़े मामलों में देरी का अर्थ सीधे-सीधे व्यक्ति की स्वतंत्रता पर चोट है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करता है। यदि किसी व्यक्ति की जमानत याचिका पर बहस पूरी हो चुकी हो और आदेश महीनों तक सुरक्षित रखा जाए, जाए, तो यह केवल तकनीकी देरी नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों का हनन है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी कारण कहा है कि जमानत से जुड़े मामलों में आदेश उसी दिन सुनाया जाना चाहिए और यदि सुरक्षित रखा जाए तो अगले दिन अवश्य जारी किया जाए। जमानत आदेशों को जेल प्रशासन तक तुरंत पहुंचाने का निर्देश भी बेहद महत्वपूर्ण है। कई बार अदालत से राहत मिलने के बाद भी कागजी प्रक्रिया में देरी के कारण आरोपी या दोषी जेल में ही रह जाता है। यह स्थिति न्याय की आत्मा के विरुद्ध है। यदि अदालत ने रिहाई का आदेश दिया है, तो जेल प्रशासन तक सूचना तुरंत पहुंचनी चाहिए और संबंधित व्यक्ति को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो या जमानत की शर्तें पूरी करता हो। यह व्यवस्था न्याय को कागज से जमीन तक पहुंचाने की दिशा में जरूरी सुधार है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल फैसला सुनाने की समय सीमा तय नहीं की, बल्कि विस्तृत आदेश अपलोड करने को भी अनिवार्य किया है। अदालत ने कहा है कि ऑपरेटिव पार्ट यानी मुख्य आदेश सुनाने के 15 दिनों के भीतर पूरा फैसला, कारणों सहित, वेबसाइट पर अपलोड होना चाहिए। यदि 15 दिन में विस्तृत फैसला अपलोड नहीं होता, तो पक्षकार आवेदन दे सकते हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## क्षणिक स्वार्थ से नागरिक बोध तक

**मनमोहन प्रकाश, शिक्षाविद्**

**मनुष्य** को पृथ्वी का सबसे बुद्धिमान और विवेकशील प्राणी माना जाता है। उसके पास सही और गलत, सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय में अंतर करने की अद्भुत क्षमता है। हमारा अनुभव, शिक्षा, सामाजिक मूल्य और कानून इस विवेक को और निखारते हैं। इसके बावजूद, एक कड़वा और विचित्र सच यह है कि हममें से अधिकांश लोग अनेक गंभीर गलतियाँ जानबूझकर करते हैं। हम भली-भांति जानते हैं कि हमारा आचरण अनुचित है और इसके परिणाम आत्मघाती हो सकते हैं, फिर भी हम उन्हें बार-बार दोहराते हैं। आज के मशीनी और उपभोक्तावादी युग में यह केवल भारतीय समाज की समस्या नहीं है, बल्कि संपूर्ण वैश्विक मानव समाज की एक सहज प्रवृत्ति बन चुकी है। हाँ, भारत जैसे विशाल, घनी आबादी और सांस्कृतिक विविधताओं वाले देश में यह समस्या अधिक मुखर और स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, हम सब जानते हैं कि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। तेज हॉर्न, अनियंत्रित डीजे और लाउडस्पीकर का शोर बच्चों, वृद्धों, रोगियों और बेजुबान जानवरों को असहनीय पीड़ा देता है, साथ ही विद्यार्थियों की एकाग्रता को भंग करता है।

इसके बावजूद, विवाह, धार्मिक आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में हम ध्वनि की गरिमा और कानूनी मयार्दा को ताक पर रख देते हैं। यही स्थिति पर्यावरण को लेकर भी है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, नदियों, तालाबों और पूजनीय जलाशयों में प्लास्टिक, रासायनिक अपशिष्ट और यहाँ तक कि पूजा-सामग्री बहा देना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। हम जानते हैं कि भूजल, कोयला और पेट्रोलियम जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, फिर भी हम उनका बेरहमी से दोहन करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) और जलवायु परिवर्तन के खतरों को रोज महसूस करने के बाद भी 'विकास' के मुखौटे के पीछे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी है, और समाज में इसके प्रति कोई सामूहिक पश्चाताप नहीं दिखता।

## क्या पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बन पायेगा?

**सौरभ वार्ष्णेय**

**आज की** पत्रकारिताः संघर्ष, जिम्मेदारी और विश्वास की परीक्षा बन कर रह गई है। लोकतंत्र के चार प्रमुख स्तंभों में पत्रकारिता को केवल कहने भर को विशेष स्थान प्राप्त है। पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण भर नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सत्ता से प्रश्न पूछने और जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने का सशक्त माध्यम भी है। किंतु वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों, दबावों और संघर्षों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में पत्रकारिता की भूमिका, जिम्मेदारी और विश्वसनीयता पर गंभीर चिंतन आवश्यक हो गया है। अभी ३० मई पत्रकारिता दिवस बीता है लेकिन सत्ता की तरफ से सिर्फ रस्म अदायगी? क्या वाकई पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संविधान के तहत बन पायेगा या हम पत्रकार बिरादरी सिर्फ गाहे गवाये ढोल पीटते रह जायेंगे? पत्रकारिता सिर्फ और सिर्फ कहने भर का चौथा स्तंभ रह जायेगा। यह एक ज्वलंत विषय है। आज सूचना क्रांति का युग है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने समाचारों के प्रसार को अत्यंत तेज बना दिया है। जहां पहले एक समाचार को पाठकों तक पहुंचने में घंटों या दिनों का समय लगता था, वहीं अब कुछ ही सेकंड में खबरें दुनिया भर में पहुंच जाती हैं। लेकिन इस तेजी के साथ एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है—सत्य और असत्य के बीच अंतर करने की चुनौती। फर्जी खबरें, आधी-अधूरी जानकारी और भ्रामक प्रचार पत्रकारिता की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रहे हैं। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्षता, सत्यता और जनहित की रक्षा करना है। लेकिन आज कई बार व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा, टीआरपी की दौड़ और राजनीतिक प्रभाव के कारण पत्रकारिता अपने मूल सिद्धांतों से भटकती दिखाई देती है। समाचारों की प्रस्तुति में सनसनीखेजता बढ़ रही है, जबकि तथ्यों की गहराई और निष्पक्ष विश्लेषण को अपेक्षित महत्व नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए चिंता का विषय है। दूसरी ओर, जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पत्रकारों का संघर्ष भी कम नहीं है। अनेक पत्रकार सीमित संसाधनों में काम करते हुए जनसमस्याओं को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### एसजीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लाडवा के प्रथम गर्ग ने जेईई एडवांस्ड 2026 में 450वीं रैंक हासिल की



**लाडवा 1, जून (विजय कौशिक)** : संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा, लाडवा ने एक और उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 12 के छात्र प्रथम गर्ग ने जेईई एडवांस्ड 2026 में अखिल भारतीय स्तर पर 450वीं रैंक प्राप्त की है। उन्होंने ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 42वीं रैंक हासिल की और कुरुक्षेत्र जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम चंडीगढ़ में गणित विषय में टॉपर रहा हैं। प्रथम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे विद्यालय और लाडवा क्षेत्र को अपार गर्व और खुशी मिली है। उनकी लगन, निरंतरता और कड़ी मेहनत, साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया। प्रथम गर्ग का विद्यालय परिसर में गर्मजोशी से स्वागत व अभिनन्दन किया गया । विद्यालय प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंदर बंसल और प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने प्रथम गर्ग को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी प्रथम को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधान पवन गर्ग और सचिव रविंदर बंसल ने प्रथम, उनके माता-पिता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा, ह्रप्रथम की सफलता उनकी लगन और स्कूल द्वारा प्रदान किए गए शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने हमारे भावी विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल कायम की है। हमें उन पर गर्व है और हम उनके भविष्य के सभी प्रयासों में सफलता की कामना करते हैं ह्व प्रथम गर्ग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और एसजीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की अनुशासित अध्ययन संस्कृति को दिया। उनका लक्ष्य आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग करना है। संपूर्ण एसजीएम परिवार ने प्रथम को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कार्यकर्ताओं के विश्वास से मजबूत होगा कांग्रेस का जनाधार: सोलंकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सदर बाजार में कृष्ण सोलंकी द्वारा आयोजित स्वागत एवं जलपान समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का उत्साह, अपनापन और पार्टी के प्रति समर्पण देखने को मिला। इस अवसर पर सभी साथियों के साथ आत्मीय मुलाकात हुई तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी साथियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम लोगों की आवाज उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। कार्यकताओं की मेहनतए जनता का विश्वास और आपसी एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। इसी सोच के साथ कांग्रेस की नीतियों और जनहित के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।


कार्यक्रम के दौरान साथियों द्वारा मिले स्नेह, सम्मान और सहयोग ने पूरे माहौल को आत्मीय बना दिया। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य आयोजक जोगेंद्र वाल्मीकि का विशेष धन्यवाद किया गया। साथ ही बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, ललित अहूजा तथा उपस्थित सभी सम्मानित साथियों का आभार व्यक्त किया गया, जिनकी उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, मौके पर किया कई मामलों का समाधान

**अपील**

**उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर प्रशासन के समक्ष रखें,**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पारिवारिक एवं आत्मीय वातावरण में नागरिकों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि अन्य लंबित मुद्दों के त्वरित निस्तारण के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर नागरिकों के साथ जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से संवाद हुआ। महापौर ने कहा कि नगर निगम केवल प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि जनता की सेवा और समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित एक जिम्मेदार व्यवस्था है, जिसका मूल उद्देश्य हर नागरिक तक सुविधाओं का समय पर पहुंचना है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता, बेहतर सडकें, जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी विकसित शहर की नींव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनता की सक्रिय भागीदारी से मजबूत होती है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि नगर निगम अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सके और हर क्षेत्र में त्वरित सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का विश्वास, सहयोग और सुझाव ही शहर के सतत विकास की सबसे बड़ी शक्ति है।

महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से करनाल शहर को स्वच्छता, आधुनिक सुविधाओं और विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकेगी ताकि एक आदर्श एवं सशक्त नगर के रूप में इसे स्थापित किया जा सके।

### समाधान शिविर में प्राप्त लंबित शिकायतों के निपटान में अनावश्यक देरी ना करें अधिकारी :

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 1 जून (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों के निपटान में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें समाधान योग्य हैं, उनके निपटान में किसी प्रकार की देरी न की जाए। जो शिकायतें मांग-आधारित हैं, उनका भी पूर्ण विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि उन मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों से एक-एक कर लंबित शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि वे समाधान शिविर पोर्टल की नियमित रूप से निगरानी करें और पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निपटान करते हुए उनकी रिपोर्ट भी समय-समय पर अपडेट करें। प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा भी समाधान शिविरों की वीसी के माध्यम से निगरानी की जाती है तथा हर शुक्रवार को शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जा रही है।

### दो नशा तस्कर गिरफ्तार, अवैध शराब और स्मैक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।**
जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई करते हुए एक ओर अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा, वहीं दूसरी ओर स्मैक के साथ एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को काबू कर न्यायालय में पेश किया।

सीआईए-3 टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव बुढाखेड़ा निवासी राजू पुत्र हरिराम को गिरफ्तार किया।

## सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर की हुई शुरूआत

**अभ्यास**

**पहले दिन विद्यार्थियों ने अभिवादन करने और परिचय देने के कौशलों का किया अभ्यास**



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 1 जून (मैनपाल कश्यप )**
गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर की शुरूआत हिन्दी प्राध्यापक डॉ. सुभाष भारती ने की। शिविर की गतिविधियों के संचालन में हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, सलिन्द्र मंढ़ाण, वाणिज्य प्राध्यापक दिनेश कुमार, सौंदर्य एवं कल्याण अनुदेशिका निशा कांबोज, अंग्रेजी अध्यापक अश्वनी कांबोज, संस्कृत अध्यापक सोमपाल शास्त्री, हिन्दी अध्यापक नरेश मीत, प्राथमिक पाठशाला प्रभारी स्नेह लता, प्राथमिक शिक्षक गोपाल सिंह का योगदान रहा।

शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों को हिन्दी, अंग्रेजी एवं हरियाणवी में अभिवादन करने एवं अपना परिचय कराने का अभ्यास करवाया गया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अभिवादन करते हुए अपना परिचय प्रस्तुत किया, जिसमें मनप्रीत, ओजस्वी, वंशी, यज्ञदत्त, हर्षिता, आरव सहित विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

डॉ. सुभाष भारती ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां की भाषाई विविधता भी अनूठी है। शिविर विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं से परीचित करवाने का प्रयास है। अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि दूसरों के सामने अपना परिचय रखना अभिव्यक्ति का पहला कदम है। अक्सर विद्यार्थियों को किसी के भी सामने अपन परिचय रखना होता है।

उन्होंने कहा कि कुशलतापूर्वक अपना परिचय देने से विद्यार्थियों में वक्ता के गुणों का विकास होता है। अध्यापकों ने विद्यार्थियों को घर पर परिचय देने का अभ्यास करने का संदेश दिया।

### पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में स्थित गुरु नानक पेट्रोल पंप पर खराब नोट बदलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीती रात पेट्रोल डलवाने आए युवकों ने कर्मचारियों के साथ बहस के बाद अपने साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से किए गए हमले में दो कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेट्रोल पंप के कर्मचारी सुखबीर सिंह ने बताया कि रात के समय 2 युवक पेट्रोल डलवाने आए थे। पेट्रोल भरवाने के बाद उन्होंने पैसे दिए, लेकिन उनमें एक नोट खराब था। कर्मचारियों ने युवकों से नोट बदलने के लिए कहा, जिस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई।

सुखबीर सिंह के अनुसार बहस के बाद युवक वहां से चले गए, लेकिन थोड़ी देर बाद 8 से 10 अन्य युवकों के साथ वापस आए। आते ही उन्होंने बिना कुछ कहे कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पंप पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में 2 कर्मचारी रामू और रामकुमार घायल हो गए।

## महंगाई ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट, सरकार तुरंत करे कीमतों पर नियंत्रण: भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री,1 जून (मैनपाल कश्यप )**
बढ़ती महंगाई के विरोध में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा प्रदेश के सभी 23 जिला मुख्यालयों पर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में करनाल में आयोजित प्रदर्शन में इनेलो नेताओं और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर ने की। प्रदर्शन में इंद्री हलका अध्यक्ष भारत मंढ़ाण सहित विभिन्न हलकों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इस अवसर पर इंद्री हलका अध्यक्ष भारत मंढ़ाण ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद्य पदार्थों तथा रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। महंगाई के कारण गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल सहित अन्य जरूरी वस्तुओं के दामों में तत्काल कमी कर जनता को राहत दी जाए।

भारत मंढ़ाण ने कहा कि इनेलो हमेशा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी। यदि सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए तो इनेलो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने महंगाई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार से आम जनता को राहत देने और बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की। इस मौके पर बड़ी संख्या में इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोटस फिटनेस प्वाइंट का किया नाम रोशन



**लाडवा, 1 जून (विजय कौशिक)** : लोटस फिटनेस प्वाइंट के दो योग खिलाड़ी गुरनूर और विनम्रता ने सोनीपत में आयोजित नॉर्थ इंडिया योगासन चैंपियनशिप 2026 -27 में सिल्वर मेडल जीत कर लगभग 200 के खिलाड़ियों में अपना लोहा मनवते हुए लाडवा क्षेत्र में लोटस फिटनेस प्वाइंट का नाम रोशन किया और सभी का लाडवा पहुंचने पर ढोल धमाकों से भव्य स्वागत किया गया। इन बच्चों के योगा कोच कमल किशोर और कर्ण जीत कमल किशोर ने बताया कि हमारे सैंटर के 5 प्रतिभागिता प्रीत, हीर ,यशवी,विनम्रता, गुरनूर प्रतियोगिता में खेलने के लिए गए थे और उस प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की थी। जिसमें योग के खिलाड़ी विनम्रता ने 15 से 18 आयु वर्ग प्रतियोगिता में द्वितीया स्थान प्राप्त किया और गुरनूर ने 5 से 8 आयु वर्ग के बच्चों में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कोच , अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर गुरनूर के पिता मधुर धीमान ,गुरनूर की मम्मी गुरजीत कौर, विनम्रता के पिता रामदास ,लोटस फिटनेस पॉइंट की लेडी योगा ट्रेनर मोना अरोड़ा उपस्थित थी।

### पावर हाउस से 200 मीटर केबल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा करनाल।** सेक्टर-4 स्थित पावर हाउस व शिकायत केंद्र से केबल चोरी का मामला सामने आया है। घटना 18 मार्च को सामने आई, जब जांच में ड्रम से करीब 200 मीटर केबल गायब मिली। विभाग ने पहले भी कार्रवाई के लिए पत्र भेजा था, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। दोबारा पत्र भेजने के बाद 31 मई को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपमंडल अधिकारी मॉडल टाउन उपमंडल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के ईआर दिनेश नैन ने सेक्टर-4 चौकी को भेजे पत्र में बताया कि एरिया इंचार्ज पंकुश सोनी जेई ने लिखित सूचना दी थी।

## नेपाल राणा ने किया कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 1 जून (कुलदीप सैनी) :**
शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित महामाई माता मंदिर परिसर में सोमवार को कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हॉल का निर्माण शुरू करवाया गया है। नेपाल राणा ने बताया कि प्राचीन एवं आस्था के केंद्र माने जाने वाले महामाई माता मंदिर में कम्युनिटी हॉल बनने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विशेष रूप से कीर्तन, भजन एवं धार्मिक आयोजनों में भाग लेने



वाली महिलाओं के बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि स्थानीय निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड नंबर 2 में भी जल्द कम्युनिटी सेंटरों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों कम्युनिटी सेंटरों पर करीब 48-48 लाख रुपये की लागत आएगी तथा आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर उनका भूमि पूजन किया जाएगा। चेयरमैन मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में निजी मैरिज पैलेसों और समारोह स्थलों का खर्च काफी बढ़ गया है। ऐसे में कम्युनिटी सेंटर बनने से स्थानीय लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को शादी-विवाह और अन्य मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने में बड़ी सुविधा और राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर पार्षद ऋषिपाल नम्बरदार, विनीश राणा, भगवतदयाल कटारिया, सुदेश सैनी, चरणजीत मोनू, राजीव आर्य, देवेंद्र सैनी, संदीप छोटाबांस, मोंटी नामदेव, अमनदीप छोटाबांस, विपिन वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, मदनलाल, कंवरपाल फौजी, राजपाल, श्यामदास, राजेंद्र बापौली आदि मौजूद रहे।

## छावनी के लघु बाल भवन में संगीत कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला**: जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि हरियाणावी लोकगीत एवं देश-भक्ति (वन्दे मातरम्) पर आधारित कार्यशाला, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला के संयुक्त तत्वाधान में 10 दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं।

उन्होनें बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में लघु बाल भवन अम्बाला छावनी में संगीत कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यशाला में 1 जून 2026 से 10 जून 2026 तक लघु बाल भवन अम्बाला छावनी में हरियाणावी लोकगीत एवं देश-भक्ति (वंदे मातरम) गीतों पर आधारित 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्लम एरिया/अनाश्रित/वांछित क्षेत्र के बच्चों मे देशभक्ति व लोकगीतों की भावना जागृत करना है। इस कार्यशाला में विशेष तौर पर झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों के वंचित बच्चों व जरूरतमंद बच्चों को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग से अधिकृत गायन कलाकार दीपक गुलजार/दीपक कुमार, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार एवं अन्य चार संगत-कलाकारों द्वारा इन अनाश्रित और वंचित बच्चों को लोकभक्ति गीतों पर आधारित कार्यशाला के तहत गायन संगीत सिखाया जाएगा।



लघु बाल भवन अम्बाला छावनी इस नेक उद्देश्य के लिए बच्चों के लिए निरंतर ऐसे मंच प्रदान करता रहता है। जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, अम्बाला द्वारा अनाश्रित और वंचित बच्चों व जरूरतमंद बच्चों के लिए चल रही परियोजनाएं ओपन शैल्टर होम एवं एक नायाब कदम के तहत इन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार की बाल कल्याणकारी गतिविधियां निरंतर आयोजित करती रहती है।

इस 10 दिवसीय हरियाणावी लोकगीतों/देशभक्ति पर आधारित कार्यशाला का शुभारम्भ जिला योजना अधिकारी हेमंतजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस दौरान स्लम एरिया के बच्चों द्वारा गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। इस 10 दिन की कार्यशाला में बच्चे प्रतिदिन देशभक्ति/लोकगीतों का अभ्यास करेंगे, ताकि इन बच्चों का लोकगीतों व देशप्रेम की तरफ रूझान बढ़े और सवार्गीण विकास में अग्रिम कदम रखें। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ0 मुकेश, जिला बाल कल्याण समिति एवं अन्य सदस्यगण, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी, सदस्य जसविन्द्र पाल सिंह, गायन कलाकार दीपक गुलजार एवं चार अन्य संगत कलाकार, सभी बाल भवन एवं ओपन शैल्टर होम, अम्बाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में 11 शिकायतें हुई प्राप्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार व उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला मुख्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आज आयोजित समाधान शिविरों में 11 शिकायतें आईं। इनमें करनाल मुख्यालय पर 4, नीलोखेड़ी व इंद्री उपमंडल में एक-एक तथा असंध में 5 शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं घरौंडा उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।



करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में बलवान सिंह एमडी स्कूल की चार दीवारी तोडने. बारे, महेंद्र सिंह निशान देही की शिकायत बारे, जगदीश सर प्लस जमीन की 10 प्रतिशत राशि भरवाने के लिए और चुडिया राम बुढ़ापा पेंशन दोबारा शुरू करवाने के लिए आए। इसी प्रकार नीलोखेड़ी में असगरी और इंद्री में अतर सिंह परिवार पहचान पत्र में आयु सत्यापन के लिए आए। वहीं असंध में आयोजित समाधान शिविर में लेखराज और राहुल परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन व पूनम दुआ जन्म तिथि सत्यापन के लिए, रिशपाल सिंह बिजली कनेक्शन ट्रांसफर करवाने और जयपाल शर्मा बस क्यू शैल्टर की शिकायत लेकर आए।

## न्यूज फ्लैश

### गीतांजली स्टूडियो ने मॉडल टाउन में की नयी शाखा की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून (बिजेंद्र सिंह)।** गीतांजली स्टूडियो ने मॉडल टाउन में नयी शाखा की शुरूआत की। इस आयोजन को गीतांजलि स्टूडियो और सैलून के निदेशक एवं प्रसिद्ध हेयर स्टाइलिस्ट सुमित इसरानी की मौजूदगी में आयोजित किया गया था। सुमित इसरानी ने कहा पानीपत में गीतांजलि स्टूडियो की नवीनतम शाखा के खुलने से गीतांजलि स्टूडियो का एक नया पन्ना खुल रहा है और मैं उत्साहित हूं कि यहां आने वाले सभी के दिल में अद्वितीय छाप छोड़ेगा। गीतांजलि स्टूडियो के फ्रैंचाइज पार्टनर्स ईशा शर्मा और नितीश महाजन ने यह साबित किया है कि वे इस प्रतीक्षित प्रोजेक्ट में अपनी पूरी मेहनत एवं समर्पण से जुटे हैं। विशेष प्रोजेक्ट में जहां बाल, मेकअप, सौंदर्य, नेल्स और मेल ग्रूमिंग जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। गीतांजलि स्टूडियो और सैलून एक प्रतिष्ठित हाई स्ट्रीट सैलून श्रृंखला के रूप में खड़े हैं। जिसमें भारत भर में 200 सैलूनों की व्यापक नेटवर्क है।

### गुरुकुल में सार्वदेशिक आर्य वीर दल के राष्ट्रीय शिविर आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आज सार्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी देवव्रत सरस्वती जी की पावन उपस्थिति में गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने ओ३म् पताका पहराकर सार्वदेशिक आर्य वीर दल के राष्ट्रीय शिविर के शुभारम्भ की विधिवत घोषणा की। इस अवसर पर गुरुकुल के प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, शिविर के आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे महाशय जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य सहित आर्य वीर दल के वरिष्ठ शिक्षक एवं अधिकारिगण मौजूद रहे। प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि यह शिविर केवल प्रशिक्षण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति संरक्षण का एक महायज्ञ है। महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने जिस वैदिक संस्कृति के पुनर्जागरण का संकल्प लिया था, उसे आगे बढ़ाने का दायित्व आज हम सबके कंधों पर है। उन्होंने कहा कि आर्य वीर दल का उद्देश्य केवल शारीरिक बल का विकास करना नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना का निर्माण करना है।

# अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस जवानों को करनाल पुलिस ने किया नमन

## पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान हुए थे शहीद

**नमन किया**

- शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।



**इंद्री 1 जून (मैनपाल कश्यप)**
करनाल, दिनांक 31 मई 2026 समाज, प्रदेश एवं देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले करनाल पुलिस के वीर एवं बहादुर पुलिस जवानों को पुलिस लाइन करनाल स्थित शहीदी स्मारक पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकत्रित होकर दो मिनट का मौन धारण किया तथा शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।
आज ही के दिन वर्ष 1992 में करनाल पुलिस के चार बहादुर जवान पंजाब में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गए थे। शहीद निरीक्षक बलजीत सिंह निवासी छछरौली जिला यमुनानगर उस समय सीआईए करनाल के इंचार्ज के पद पर तैनात थे। दिनांक 31 मई 1992 को वे अपने साथी पुलिस कर्मचारियों निरीक्षक विजेंद्र सिंह निवासी आसन जिला रोहतक, एएसआई रघुनंदन निवासी मोहल्ला नालापार नारनौल तथा सिपाही नारायण सिंह निवासी मुकीमपुर जिला सोनीपत के साथ उग्रवादियों की सूचना पर गांव मतौली जिला पटियाला (पंजाब) में रेड करने गए थे। रेड के दौरान उग्रवादी जरनैल सिंह एवं उसके साथियों के साथ हुई मुठभेड़ में चारों पुलिस जवान बहादुरी से मुकाबला करते हुए शहीद हो गए थे। इसके अतिरिक्त वर्ष 2010 में जिला पुलिस के शहीद ईएचसी जगतार सिंह दोषी गुरप्रीत को गिदड़वाड़ अदालत में पेश करने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान दोषी को छुड़वाने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन में किए गए हमले एवं मुठभेड़ में गोली लगने से वे शहीद हो गए थे। वहीं वर्ष 2018 में एसआई नरेंद्र सिंह बाल किशोरी ममता निवासी रोहतक को नारी निकेतन करनाल से किशोर न्याय बोर्ड रोहतक में पेश करने के उपरांत बाहर निकल रहे थे। तभी दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने बाल किशोरी ममता पर गोली चला दी। एसआई नरेंद्र सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी एवं साहस का परिचय देते हुए अपराधियों का सामना किया और बाल किशोरी को बचाने का प्रयास करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए।
इस अवसर पर भलाई निरीक्षक दर्शन सिंह ने कहा कि करनाल पुलिस को अपने शहीद वीर जवानों पर गर्व है। इन जवानों ने समाज एवं देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया और अमर हो गए। उनकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष 31 मई को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया जाता है।
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से की भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून (बिजेंद्र सिंह)।**
भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को महाराजा अग्रसेन की मूर्ति तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी और उनके सफल, प्रभावी एवं प्रेरणादायक कार्यकाल की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी के विस्तार को नई गति मिलेगी। भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही कार्यकताओं को संगठन से जोडने, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी।

### सिरसा: कुत्ते के काटने से महिला की मौत

**सिरसा।** सिरसा जिले में एक महिला की कुत्ते के काटने से फैले संक्रमण के कारण मौत हो गई है। महिला बठिंडा के एम्स में उपचाराधीन थी जहां समोवार को उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव देसूजोधा निवासी मनप्रीत को कुत्ते ने काटा था, लेकिन रेबीज बचाव के टीके नहीं लगाए जिस कारण संक्रमण फैल गया।
तबीयत बिगडने पर उसे डबवाली के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।
हालत गंभीर होने के कारण उसे बठिंडा एम्स रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वे एक कुत्ता घर लाए थे। कुछ दिनों बाद कुत्ते ने मनप्रीत को काट लिया। इस बात को परिवार ने गंभीरता से नहीं लिया और मनप्रीत को रैबीज बचाच के टीके नहीं लगाए। रविवार को अचानक मनप्रीत की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए। रैबीज संक्रमण के कारण महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।
उल्लेखनीय है कि गांव बिज्जूवाली निवासी वर्षा रानी की भी कुत्ते के काटने से मौत हो गई थी। महिला का उपचार भी किया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों के मुताबिक 16 जुलाई को गांव में एक आवारा कुत्ते ने वर्षा रानी को नोच लिया था। घटना के बाद महिला का अस्पताल में उपचार किया गया, लेकिन कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई थी।

### हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहतास जांगड़ा ने संभाला कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 1 जून मैनपाल**
हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष रोहताश जांगड़ा ने आज सेक्टर-4 स्थित बोर्ड कार्यालय में विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।
कार्यभार संभालने के उपरांत जांगड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जो जिम्मेदारी दी है, वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उनका प्रयास रहेगा कि इन योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचे, ताकि श्रमिक वर्ग का जीवन स्तर और अधिक बेहतर हो सके।
श्रम कल्याण बोर्ड के नव नियुक्त चेयरमैन रोहताश जांगड़ा सिरसा जिले के एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं तथा लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं।
उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई में सचिव के रूप में कार्य किया तथा वर्ष 2009 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ा।
इसके अतिरिक्त वे भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष, सीएम विंडो सदस्य, एमिनेंट पर्सन तथा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।
नव नियुक्त चेयरमैन का स्वागत मुख्यालय पहुंचने पर उनके समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के साथ किया । उनके समर्थकों ने फूल मालाएं गुलदस्ते बुके भी भेंट किए । चेयरमैनका कार्यभार संभालने के अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जगदीश चोपड़ा, हरियाणा एचपीएससी बोर्ड सदस्य सुभाष गंगा, जिला अध्यक्ष यतेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नितिशा, जिला महामंत्री अंबर कुमार, विष्णु शर्मा, शुभम सिंह, सुखविंदर सिंह बराड़, बाबूलाल सैनी, सतपाल मेहता, रवि सैनी, पूर्व महामंत्री बलवान जांगड़ा, मीरा दुसाद, कृष्ण जलंधरा, सीएम विंडो एमिनेंट प्रकाश वीर जलंधरा, कुलविंदर सिंह, पीयूष मेहता, दिलीप सिंह, फकीरचंद मलेठिया, डॉ. अमरजीत चांनी, सुखविंदर सिंह बग्गा, डॉ. विनोद कुमार जांगड़ा, कृष्ण कुमार जांगड़ा, पूर्ण चंद्र सेन, महावीर जांगड़ा, बलजीत जांगड़ा, प्रवीण जांगड़ा, हनुमान कुंडू, आतिश लाखलान, रोहतास पलथानिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ड्रग्स मनी मामले में पंजाब के तीन और सप्लायर गिरफ्तार




**पंचकूला/ 01 जून:-** पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 मई 2026 को पंजाब के फाजिल्का जिले के रहने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महिन्द्र सिंह उर्फ मिन्दी, जसविन्द्र सिंह उर्फ छिन्दी तथा राकेश उर्फ अरमान उर्फ रमेश के रुप में हुई है। तीनों जिला फाजिल्का (पंजाब) के रहने वाले है। इन तीनों को 3 किलो 89 ग्राम हेरोइन और भारी मात्रा में ड्रग्स मनी बरामदगी से जुड़े एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार 5 अप्रैल 2026 को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने इन्चार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-20 पंचकूला स्थित श्मशान घाट के समीप लवजोत सिंह उर्फ लव निवासी जलालाबाद, जिला फाजिल्का (पंजाब) को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6 पैकेटों में कुल 3 किलो 89 ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल फोन तथा 14 लाख रुपये की ड्रग्स मनी बरामद हुई थी। बाद में आरोपी के खुलासे पर चंडीगढ़ स्थित उसके किराये के मकान से हेरोइन बिक्री से कमाए गए एक लाख रुपये अतिरिक्त बरामद किए गए थे।
गहन पूछताछ और तकनीकी जांच के दौरान पुलिस को हेरोइन सप्लाई चेन से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसी दौरान 13 अप्रैल 2026 को अशोक कुमार उर्फ शोकु को गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच में गिरफ्तार आरोपियों के खुलासों के आधार पर पंजाब में सक्रिय हेरोइन सप्लायर नेटवर्क का खुलासा हुआ।
पुलिस ने 23 मई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर अमृतसर-जालंधर रोड के निकट ब्यास क्षेत्र में दबिश देकर महिन्द्र सिंह उर्फ मिन्दी, जसविन्द्र सिंह उर्फ छिन्दी तथा राकेश उर्फ अरमान उर्फ रमेश को गिरफ्तार किया।

### समिति ने पालिका बाजार के दुकानदारों को मालिकाना हक दिलवाने के लिये विधायक प्रमोद विज को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून।** संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान व अन्य व्यापारियों ने सोमवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज से पालिका बाजार के दुकानदारों को मालिकाना हक दिलवाने, जीटी रोड पुल के नीचे पार्किंग को यथावत रखने एवं लाल बत्ती चौंक स्थित संविधान चौंक के गौरव की रक्षा के लिए ज्ञापन सौंपा गया।
विधायक प्रमोद विज ने भी आश्वासन दिया की जल्द ही आप लोगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलवाया जाएगा और आपके सभी मुद्दों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस मोके पर संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान विशाल वर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण अग्रवाल, महासचिव महेंद्र आहुजा, शेर चंद कपूर, कीमत लाल कपूर, अशोक सलूजा, महिंदर जुनेजा,इंद्रजीत कथूरिया, कविराज अरोड़ा, सुरेश बावेजा, सुनील चावला, सागर फाल्के, सुरेंद्र शर्मा, बॉबी वर्मा, फौजी महला,विनोद वर्मा उपस्थित रहे।

### बीच सड़क पर दो पक्षों में खूनी झड़प

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 क्षेत्र में स्थित वोल्वो शोरूम के पास सोमवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला शुरू कर दिया। सड़क के बीच हुई इस मारपीट से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुरूआत में दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस और गाली-गलौज हुई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और दोनों गुटों के युवक गाड़ियों तथा आसपास से डंडे निकालकर एक-दूसरे पर टूट पड़े।

# राजेंद्र रावल ने किया कैंटीन के भवन का शुभारंभ

**उद्घाटन**

- अटल कैंटीन के भवन का बापौली मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र रावल ने उदघाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून (बिजेंद्र सिंह)।**
पानीपत की बापौली अनाज मंडी में किसानों व मजदूरों को सस्ता एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल किसान व मजदूर कैंटीन के सोमवार को नए भवन का उदघाटन किया गया। मार्केट कमेटी कार्यालय के पास बने अटल कैंटीन के भवन का बापौली मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र रावल ने उदघाटन किया। इस मौके पर बापौली मंडी के प्रधान विनोद छौक्कर सहित मंडी के अन्य आढती, किसान व मजदूर मौजूद रहे। बापौली मार्केट कमेटी के सचिव नरेश मान ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का स्वागत किया। बता दे कि बापौली मंडी में इससे पहले अटल कैंटीन किसान भवन में चल रही थी। लेकिन अब मार्केट कमेटी कार्यालय के पास ही कैंटीन का नया भवन बनाया गया है और उसमें ही कैंटीन का उदघाटन किया गया। वहीं चेयरमैन राजेंद्र रावल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, मजदूरों और आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अटल किसान-मजदूर कैंटीन योजना का उद्देश्य मंडियों में आने वाले किसानों और मजदूरों को बेहद कम कीमत पर स्वच्छ, पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मात्र 10 रुपये में भोजन उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत मिलेगी। कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और समयबद्ध व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर प्रधान प्रीतम रावल, मास्टर ब्रह्मपाल रावल, पूर्व मंडी प्रधान दलीप, रकम सिंह, विकास देशवाल व अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।

# केन्द्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर जिला भाजपा संगठन चलाएगा विशेष अभियान





**नितिन सिंगला जगाधरी**
भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्षों की बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से भाजपा प्रदेश सचिव राहुल तंवर ने शिरकत की। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि केंद्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरे हो रहे हैं इसकी उपलब्धियों को बताने के लिए जिला भाजपा संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसमें संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष रामपाल लंबरदार एवं सहसंयोजक के रूप में चेयरमैन रूपेंद्र सिंह मल्ही, चेयरमैन जसविंदर अमली, नगर निगम पार्षद विभोर पहुजा रहेंगे उनके साथ हर मंडल में तीन सदस्य कमेटी का गठन किया गया है जो कि इन सारे कार्यक्रमों में सहयोग करेंगी।
भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा की बताया कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस एक पेड माँ के नाम , 7 जून को मोदी सरकार के 12 वर्ष, 21 जून को विश्व योग दिवस, बूथ स्तर पर पौधारोपण, शक्ति केन्द्र स्तर पर योगा कार्यक्रम, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर विधानसभा में 2 बैठके,प्रेस कॉन्फ्रेंस, 12 जून से 20 जून तक जनकल्याण शिविर, लाभार्थियों से सम्पर्क, हर मंडल से 30 व्यक्तियों से जनसम्पर्क, मोदी सरकार की उपलब्धियों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी, 23 जून श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर, एस आई आर, बीएलए 2 बूथ प्रमुख, बूथ पालक, प्रगति पथ यात्रा, सफाई एवं स्वच्छता अभियान आदि कार्य जिला भाजपा संगठन द्वारा किए जाएंगे इसके लिए अलग-अलग भाजपा कार्यकताओं की ड्यूटियां लगा दी गई है। भाजपा प्रदेश सचिव राहुल तंवर ने कहा की सभी कार्यकर्ता 5 जून से लेकर 23 जून तक चलने वाले इन सभी कार्यक्रमों में अपनी व अपने साथियों की जोरदार भागीदारी सुनिश्चित करें और इन सभी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले । भाजपा प्रदेश सचिव राहुल तंवर ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का सराहनीय मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। जिला यमुनानगर पहले से भी भाजपा प्रदेश संगठन के सभी कार्यों को अच्छे से करता आया है और यह कार्य भी जिला भाजपा संगठन अच्छे से करेगा ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर एक बुद्धिजीवी सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें सर्व समाज के अलग-अलग विशेषज्ञ लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।
इस दौरान जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा ,जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विधार्थी, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, चेयरमैन रुपींदर सिंह मल्ही, चेयरमैन जसविंदर अमली, पार्षद विभोर पहुजा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, चेयरमैन बलविंदर मुजाफत,चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, पार्षद विनीत कौर, जिला सचिव प्रभा सागर, पूनम अग्रवाल ,जय प्रकाश,तरसेम पाल आदि बहुत से भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम: 285 करोड़ रुपये के हेरोइन तस्करी नेटवर्क का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की एसटीएफ यूनिट ने अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 285 करोड़ रुपये की हेरोइन तस्करी से जुड़े मुख्य सरगना गुरप्रीत को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले आठ महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।
एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर रोहतक में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को भिवानी की जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।
यूनिट प्रभारी प्रीतपाल सांगवान ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक पूछताछ और पुलिस इंटेलिजेंस के आधार पर हरियाणा और पंजाब में सक्रिय इस ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े कई अन्य लोगों की पहचान भी कर ली गई है। उनसे जुड़े सुरागों पर कार्रवाई जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।
प्रीतपाल सांगवान के अनुसार पूरे सिंडिकेट का खुलासा उस समय हुआ जब सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ गुरुग्राम की टीम ने भिवानी से रोहित नामक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.940 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 35 करोड़ रुपये आंकी गई थी।
रोहित ने पूछताछ में ड्रग्स सिंडिकेट के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया।

# विधायक कादियान ने साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की सुनीं समस्याएं

**जनता दरबार**

**समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी बड़ी जिम्मेदारी : कादियान**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने बिजली, पेयजल, आवास योजना की लंबित किस्तों, राजस्व मामलों तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें विधायक के समक्ष रखीं।



विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना और क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दौरान सब अर्बन डिवीजन के एसडीओ अभिषेक, सिटी एसडीओ सतीश कुमार, नगर पालिका सचिव प्रदीप खर्ब, निगम अधिकारी प्रदीप कुमार, पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ भूपेंद्र गाहल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा नई दिल्ली में शिक्षा के उच्चतम सम्मान से अलंकृत किया

**सम्मान**

**पुरखास के शिक्षाविद् डॉ. सुभाष शर्मा को शिक्षा सेवा के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। गांव पुरखास के शिक्षाविद् डॉ. सुभाष शर्मा को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें सेवा शिक्षा के उच्चतम सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रदेश सरकार के मंत्री अशोक शर्मा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के तनवीर जफर तथा पंडित दीनदयाल संस्थान के डॉ. एस. प्रकाश सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दिया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. सुभाष शर्मा ने कहा कि सेवा का भाव उन्हें परिवार और सामाजिक संस्कारों से मिला है। उन्होंने इस सम्मान को अपने गांव पुरखास, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विद्या भारती के मार्गदर्शकों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ग्रामीणों ने इसे पुरखास गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। वर्तमान में डॉ. शर्मा विश्व के सबसे बड़े शैक्षिक संगठन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सेवा शिक्षा अभियान के उत्तर भारत संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### अंकुर रापड़िया ने खिलाड़ियों को दी राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी मैट, खिलाड़ियों ने जताया आभार



**गन्नौर** । संयुक्त आयकर आयुक्त अंकुर रापड़िया ने अपने पैतृक गांव में खिलाड़ियों की आवश्यकता को समझते हुए प्रो कबड्डी प्रतियोगिताओं में उपयोग होने वाली उच्च गुणवत्ता की लगभग 200 मैट गांव में भिजवाई हैं। इससे अब खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधाएं मिल सकेंगी और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। खेल प्रेमियों ने बताया कि गांव में कबड्डी खिलाड़ियों को लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर की मैट की कमी का सामना करना पड़ रहा था।
खिलाड़ियों की इस समस्या को देखते हुए अंकुर रापड़िया ने दूर करते हुए करीब दो लाख रुपये मूल्य की राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी मैट उपलब्ध करवाई है। इससे अब खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधाएं मिल सकेंगी और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से कर पाएंगे।
ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने अंकुर रापड़िया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इस पहल से गांव की खेल प्रतिभाओं को नया प्रोत्साहन मिलेगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई सुविधाओं के मिलने से गांव के खिलाड़ी भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### बाबा मोहन दास मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है : नरेंद्र त्यागी



**गन्नौर** । गांव शाहपुर तक का सचित्र बाबा मोहन दास की समाधि पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमें गांव के समाजसेवी नरेंद्र त्यागी ने बाबा मोहन दास मंदिर के विकास एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए 51 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की है। समाजसेवी नरेंद्र त्यागी ने बताया कि बाबा मोहन दास मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। ऐसे में समाज के लोगों का सहयोग मंदिर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
नरेंद्र त्यागी ने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें बाबा मोहन दास के प्रति गहरी आस्था है और इसी भावना के साथ उन्होंने मंदिर के लिए 51 हजार रुपये की राशि भेंट की है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने भी इस योगदान की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

### नगर निगम ने सभी वार्डों के लिए एरिया सभा का किया गया गठन : अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। नगर निगम क्षेत्र में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्ध अवस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए एक बार पुनः एरिया सभा का गठन किया गया है। एरिया सभा की बैठकें दो दिन यानि दिनांक 3 व 4 जून 2026 को वार्ड अनुसार आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी 20 वार्डों के लिए एरिया सभा बनाकर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी एवं सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर इनेलो ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिले में इनेलो कार्यकताओं ने बढ़ते पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शहर में एकत्र होकर जोरदार नारेबाजी की और बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यकताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी परेशान है और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है।
जिला अध्यक्ष सुरजीत पहलवान और अन्य नेताओं ने कहा कि बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने से अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं और महंगाई की मार आम आदमी की कमर तोड़ रही है।



नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों की सरकार है। आम आदमी का खून चूसने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गूंगी और बहरी बन चुकी है, जो जनता की समस्याएं सुनने को तैयार नहीं है।
इनेलो नेताओं ने बताया कि पूरे हरियाणा में इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। करनाल में भी डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से लोग बेहद परेशान हैं और अब उनके पास विरोध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। नेताओं ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें कम होने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। इसका असर हर वर्ग पर पड़ रहा है और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इनेलो कार्यकताओं ने कहा कि सरकार देश को संभालने में असफल रही है। इसलिए अब सरकार को बर्खास्त करने की मांग उठाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दामों में राहत नहीं दी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बस स्टैंड पार्किंग में बाइकों से पेट्रोल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिले के घरौंडा में नए बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ी बाइकों से पेट्रोल चोरी का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक रात के अंधेरे में बाइक से पेट्रोल निकालकर बोतल में भरता नजर आ रहा है। पार्किंग कर्मचारी की नजर पड़ते ही उसने युवक को पकड़ लिया और पूरी घटना का वीडियो बना लिया।
घटना के सामने आने के बाद वाहन ड्राइवरों में डर का माहौल है और पार्किंग की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार इस वारदात में तीन युवक शामिल बताए जा रहे हैं। वीडियो में एक युवक पेट्रोल निकालते हुए दिख रहा है, जबकि उसके साथी आसपास मौजूद थे। घटना के बाद तीनों युवक मौके से फरार हो गए। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।
यह मामला 30 और 31 मई की दरमियानी रात का बताया जा रहा है। जिस बाइक से पेट्रोल निकाला गया, वह घरौंडा के रिंकू की है। रिंकू पानीपत में नौकरी करता है और रोजाना अपनी बाइक बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ी करता है।

# जनता का विश्वास और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा : जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार** प्रिंस
करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। जनता से सीधा संवाद मेरे लिए केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा का सशक्त माध्यम और आत्मिक संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में, जनसेवा के संकल्प के साथ करनाल के हर परिवार के सुख-दुख में सहभागी बनकर निरंतर कार्य कर रहे हैं।
जगमोहन आनंद ने सोमवार को सेक्टर-13 स्थित कैम्प कार्यालय में करनाल वासियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। वे हर समय लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सीधा लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है।

# गढ़ी केसरी की नित्या त्यागी बनीं विमान चालक (कैप्टन)

**नाम रोशन**

**--- 9 वर्ष की आयु में ही विमान चालक बनने का सपना देखा, अब पूरा हुआ : नित्या त्यागी**



**गन्नौर**। गांव गढ़ी केसरी की बेटी नित्या त्यागी ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से विमान चालक (कैप्टन) बनकर परिवार, क्षेत्र व समाज का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है । नित्या त्यागी ,मोती राम त्यागी की पोत्री है और इस सफलता का श्रेय अपने पिता भूपेंद्र त्यागी और मां प्रिंसी त्यागी को दिया। परिजनों ने बताया कि नित्या ने मात्र नौ वर्ष की आयु में ही विमान चालक बनने का सपना देखा था। बचपन से ही उसने अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत की और कभी हार नहीं मानी। कठिन साधना और समर्पण के बाद उसने अपना सपना साकार कर दिखाया। नित्या वर्तमान में एयर अरेबिया एयरलाइन से जुड़कर अपनी सेवाएं दे रही हैं। एयर अरेबिया यात्रियों की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों में शामिल है। नित्या ने बताया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का जुनून हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। ग्रामीणों ने भी नित्या त्यागी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने गांव, परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया है।

# करनाल में ईसीएलजीएस 5.0 आउटरीच कार्यक्रम आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस करनाल**। राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी हरियाणा द्वारा सोमवार को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ईसीएलजीएस 5.0 आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन यहां हेरिटेज लॉन, सेक्टर-5 में संयोजक बैंक के रूप में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने शिरकत की। कार्यक्रम में एसएलबीसी हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारी, एनसीजीटीसी, एमएसएमई, जनसमर्थ पोर्टल एवं पीएसबी अलायंस के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि, उद्यमी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीपीएल सीजन-01 का भव्य आगाज, कुनाल टाइटन्स ने जीता मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में आयोजित जीपीएल (गन्नौर प्रीमियर लीग) सीजन-1 का सोमवार सुबह उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने रंग-बिरंगे गुब्बारों का गुच्छा आकाश में छोड़कर किया।
उद्घाटन समारोह में जिला खेल अधिकारी सोनीपत मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं स्पोर्ट्स फॉर स्कूल ऑर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक देवेंद्र सिंह, समाजसेवी भूषण हसीजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।




आयोजन समिति एवं आरपीएस स्पोर्ट्स क्लब द्वारा क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने की इस पहल की सराहना की।
उद्घाटन समारोह के बाद पहला मुकाबला कुनाल टाइटन्स और गन्नौर पैंथर्स के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में कुनाल टाइटन्स ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुशाग्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।
प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। यह लीग 1 जून से 8 जून तक आयोजित की जाएगी।

# अध्यापक संघ के सदस्यों ने जगमोहन आनंद से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है तथा शिक्षक वर्ग का सम्मान और हितों की रक्षा सदैव प्राथमिकता रही है। प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को और अधिक सशक्त एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक जगमोहन आनंद सोमवार को अपने सेक्टर-13 स्थित कैम्प कार्यालय में जिला के अध्यापक संघ के सदस्यों से मुलाकात के बाद अपने संबोधन में बोल रहे थे। अध्यापक संघ के सदस्यों ने विधायक से मुलाकात कर हरियाणा सरकार द्वारा उनकी वर्षों पुरानी मांगों के समाधान तथा उनके हित में लिए गए सकारात्मक एवं ऐतिहासिक निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अतिथि अध्यापकों ने अपने विषय से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनके हितों एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# लायंस क्लब गन्नौर गौरव की नई कार्यकारिणी में विक्रांत हांडा बने क्लब के प्रधान

**कार्यक्रम**

**तरुण चुघ को सचिव, प्रवेश मदान को कोषाध्यक्ष, अंकित मल्होत्रा को सेवा कार्य अध्यक्ष चुना**




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा कनक गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की प्रधान भावना जग्या ने की। कार्यक्रम में कलब की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें विक्रांत हांडा को प्रधान, तरुण चुघ को सचिव, प्रवेश मदान को कोषाध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा को सेवा कार्य अध्यक्ष चुना गया। नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन हरीश वाधवा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि डिम्पी मल्होत्रा, साशा बेदी और पंकज खन्ना को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान तथा पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन विनय गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जनपद संसदीय सचिव शालू वाधवा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्य अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के कार्यों को और अधिक विस्तार देने का आह्वान किया। नई टीम ने समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्लब की निवर्तमान प्रधान भावना जग्या ने वर्षभर विभिन्न सामाजिक एवं जनहित कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। लायंस क्लब गन्नौर गौरव से 10 नए परिवार भी जुड़े, जिनका सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नीरज जग्या, अंकुर बेदी, गन्नौर बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी, महिपाल प्रताप, नवीन मलिक, डॉ. मनोज, जितेंद्र आहूजा, स्पर्श मदान, कुलदीप मलिक, प्रवीन मित्तल, देव गुप्ता, सुनील, सचिन दिगानी, मीनू हांडा, गीता चुघ, गीता मदान सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# पटाखे छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल का 35,500 रुपये के चालान काटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक यूनिट गन्नौर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जीटी रोड पर पटाखे छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल का 35,500 रुपये के चालान काटा । कार्रवाई का नेतृत्व ट्रैफिक यूनिट गन्नौर के प्रभारी सोहन लाल ने किया। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।
वहीं साइलेंसर और अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर एक बुलेट मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया।प्रभारी सोहन लाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन संबंधी सभी दस्तावेज साथ रखने की अपील की।




ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दिल्ली परिवहन निगम ने 90 दिनों के भीतर 10 लाख से अधिक 'पिंक सहेली कार्ड' किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लॉन्च के 90 दिनों के भीतर 'पिंक सहेली नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' के 10 लाख से अधिक कार्ड जारी कर दिए हैं, जो देश में सबसे तेज और बड़े पैमाने पर डिजिटल मोबिलिटी समाधान के रोल-आउट में से एक है।



2 मार्च 2026 को लॉन्च किया गया 'पिंक सहेली एनसीएमसी कार्ड' दिल्ली में सफर करने वाली महिलाओं को डीटीसी बसों में मुफ़्त यात्रा का एक आधुनिक, डिजिटल और सुविधाजनक माध्यम उपलब्ध कराने के लिए पेश किया गया था। 'नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' फ़्रेमवर्क पर आधारित यह पहल दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार की सुलभ, टेक्नोलॉजी-आधारित और यात्रियों के लिए सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्थित नागरिक केंद्रित शासन की व्यापक सोच के अनुरूप हमारी सरकार दिल्ली के लोगों को बेहतर, पारदर्शी और आधुनिक मोबिलिटी सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।
कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग और डीटीसी की टीमों ने इस पहल को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए शुरूआत से ही पूरी लगन और प्रतिबद्धता के साथ काम किया।

# दिल्ली नगर निगम द्वारा वरिष्ठ अभियंताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। यह दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली नगर निगम के योजना विभाग द्वारा राष्ट्रीय सीपीडब्ल्यूडी अकादमी, गाज़ियाबाद तथा उसके अनुभवी संकाय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
इस अवसर पर एमसीडी अतिरिक्त आयुक्त (इंजीनियरिंग) एल. डी. मेघवाल, इंजीनियर-इन-चीफ पी.सी. मीणा, एमसीडी के योजना सलाहकार मनीष रस्तोगी तथा सीपीडब्ल्यूडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल एडीजी (टी एंड आर) मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सीपीडब्ल्यूडी के दो एडिशनल डायरेक्टर जनरल, दो मुख्य अभियंता एवं एक अधीक्षण अभियंता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने वर्तमान तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नई सीख को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। संजीव खिरवार ने कहा कि तेजी से बदलते परिवेश में निरंतर सीखना और तकनीकी ज्ञान को अद्यतन रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है।
निगम आयुक्त ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुभवी संकाय द्वारा साझा किया गया।



# भाजपा जिला केशवपुरम के दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला केशवपुरम का दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' बख्तावरपुर स्थित ब्लू सफायर मोटेल एंड रिसोर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 30 और 31 मई को आयोजित इस विशेष वैचारिक और संगठनात्मक शिविर में जिले के लगभग 150 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वरिष्ठ नेतृत्व का मिला मार्गदर्शनः दो दिनों तक चले इस गहन प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान कुल 13 वैचारिक सत्रों का आयोजन किया गया।







**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की चाय पर चर्चा**
एक और जहां मुख्यमंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकारों की गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में उनकी मदद करें। वहीं दूसरी ओर उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में भाग ले रहे सभी कार्यकर्ताओं से सत्र उपरांत चाय पर चर्चा करते हुए आत्मीयता से उनके एवं उनके परिवार का कुशल-क्षेम भी पूछा। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा सहित पार्टी के कई राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के वरिष्ठ नेताओं और विचारकों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।
**प्रदेश अध्यक्ष ने कराया जिम्मेदारी का एहसासः** श्री मल्होत्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है इस अपेक्षा की पूर्ति के लिए संगठन एवं सरकार को एक ही दिशा में कार्य करना होगा ताकि सरकार की योजना लोगों तक आसानी से पहुंच सके। विचारको में मुख्य रूप से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, सांसद बांसुरी स्वराज, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, विधायक अशोक गोयल, डॉक्टर सुमित भसीन, सुभाष सचदेवा, पूर्व महापौर जयप्रकाश जेपी, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, रोहित उपाध्याय व अन्य मुख्य रूप से शामिल रहें।

# कार्यरत शिक्षकों पर सीटेट थोपना अन्यायपूर्ण, दिल्ली सरकार केंद्र से मांगे विशेष छूटः जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ ने कार्यरत शिक्षकों पर सीटेट या टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को पूरी तरह अनुचित और अन्यायपूर्ण बताया है।
संघ ने इस विषय पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एक विस्तृत प्रतिनिधित्व (ज्ञापन) भेजकर तत्काल विधायी एवं नीतिगत हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि दशकों से सेवा दे रहे हजारों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। जीएसटीए के महासचिव अजयवीर यादव ने कहा कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के



परिणामस्वरूप दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कार्यरत ऐसे हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे, जो वर्षों पूर्व उस समय लागू भर्ती नियमों के अनुसार विधिवत नियुक्त हुए थे और लंबे समय से सफलतापूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। वर्षों की संतोषजनक सेवा के बाद पात्रता परीक्षा का दबाव व्यावहारिक नहीं। जीएसटीए ने अपने प्रतिनिधित्व में तकनीकी व कानूनी पक्षों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि भर्ती नियम सामान्यतः नियुक्ति के समय ही लागू होते हैं। एक बार जब किसी शिक्षक की विधिवत नियुक्ति हो जाती है, तो उसकी सेवा का मूल्यांकन उसके कार्य निष्पादन, शैक्षणिक परिणामों, एपीएआर, निरीक्षणों एवं अन्य तय विभागीय मानकों के आधार पर किया जाता है। ऐसे में, सालों की संतोषजनक सेवा के बाद उन्हें पुनः पात्रता परीक्षा देने के लिए बाध्य करना न तो न्यायसंगत है और न ही व्यावहारिक।

# नरेला विधानसभाः भीषण गर्मी के बीच हिरणकी समेत कई इलाकों में गहराया जल संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरेला, दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही भीषण गर्मी के बीच पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। बढ़ते तापमान के कारण जहाँ एक ओर पानी की मांग आसमान छू रही है, वहीं दूसरी ओर जलापूर्ति प्रभावित होने से हाहाकार मचा हुआ है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के हिरनकी गांव और आस-पास के इलाकों से जल संकट की बेहद डरावनी तस्वीर सामने आई है, जिसने प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है।
स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से घरों के नलों में बेहद बदबूदार और काले रंग का दूषित पानी आ रहा है। इस पानी की स्थिति ऐसी है कि इसे पीना तो दूर, दैनिक कार्यों के उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता। पानी से आ रही तेज दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में बैठना दूभर हो गया है। खाना पकाने, नहाने और कपड़े धोने जैसे बुनियादी कामों के लिए भी लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

**कुछ ही घंटे आ रहा पानी, यमुना का घटता जलस्तर बना मुख्य कारण**
क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि कई गलियों और मोहल्लों में पानी की आपूर्ति महज कुछ घंटों के लिए ही की जा रही है, वह भी इतने कम दबाव (लो-प्रेशर) के साथ कि ऊपरी मंजिलों तक पानी चढ़ ही नहीं पाता। इस भीषण गर्मी में



पानी की इस किल्लत ने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी है। जानकारों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस महा-संकट का एक मुख्य कारण यमुना नदी का लगातार घटता जलस्तर भी है। यमुना का वाटर लेवल सामान्य से काफी नीचे चले जाने के कारण वजीराबाद और आसपास के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित हुए हैं, जिसका सीधा असर नरेला और हिरणकी जैसे टेल-एंड (आखिरी छोर) पर बसे इलाकों की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ रहा है।

**अधिकारियों की बेरुखी से फूटा लोगों का गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी**
निवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अब तक न तो कोई ठोस समाधान निकाला गया है और न ही अधिकारियों की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब मिला है। गंदे पानी की सप्लाई के कारण क्षेत्र में महामारी फैलने का डर सता रहा है, जिससे जनता में भारी रोष है।
**सतपाल सिंह सिसोदिया (अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए कश्मीर कॉलोनी, हिरणकी)** ने कहा कि क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। दूषित और बदबूदार पानी के कारण लोगों का सामान्य जीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। हम संबंधित विभाग से मांग करते हैं कि वह एयर-कंडीशन दफ्तरों से बाहर निकलकर तत्काल जमीनी स्तर पर जांच करे और समस्या का समाधान करे।

# विधायक ने किया ओपन जिम व सिलाई सेंटर का उद्घाटन, क्षेत्र को मिली दोहरी सौगात











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए चौधरी रामदेव चौक स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्थानीय विधायक राजकरण खत्री द्वारा ओपन जिम और सिलाई सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज मंदिर के प्रधान संजय खत्री ने की। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रूप से फीता काटकर इन दोनों जनसुविधाओं को आम जनता को समर्पित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर आर्य समाज मंदिर के संरक्षक संतोष खत्री, खत्री खाप के प्रधान चौधरी रणबीर सिंह खत्री, चौधरी संतोष खत्री, राम कुमार खत्री, रजनीश खत्री, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. जागृति ठोलिया, आभास दहिया, प्रदीप धमार्वंशी, मुकेश भारद्वाज, वेद प्रकाश आर्य, राजकुमार खत्री, राजेश, सुरेश खत्री, अजीत खत्री, बल्लू पहलवान, शिल्लू एवं चन्द्र प्रकाश सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**ओपन जिम से सेहत और सिलाई सेंटर से संवरेगा महिलाओं का हुनर**
आर्य समाज मंदिर के खुले और हवादार परिसर में आधुनिक एक्सरसाइज उपकरण लगाए गए हैं। इस ओपन जिम में ट्रेडमिल, मल्टी जिम और साइकिलिंग आदि की बेहतरीन सुविधाएं



क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को पूरी तरह निःशुल्क मिलेंगी।
दूसरी ओर, मंदिर परिसर में ही स्थापित किए गए सिलाई सेंटर में अत्याधुनिक नई सिलाई मशीनें लगाई गई हैं। इस सेंटर के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं और बेटियों को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। उद्घाटन समारोह में आर्य समाज के पदाधिकारी, आरडब्ल्यूए सदस्य, बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

**क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता**
उद्घाटन के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि आर्य समाज का मूल सिद्धांत है, तन से स्वस्थ, मन से संस्कारी और कर्म से आत्मनिर्भर। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए मंदिर परिसर में ओपन जिम और सिलाई सेंटर की शुरूआत की गई है।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आज दिल्ली के साथ-साथ नरेला का हर कोना विकास की रोशनी से जगमगा रहा है। वही, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आर्य समाज मंदिर के प्रधान संजय खत्री ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नरेला के आर्य समाज मंदिर को दो बड़े जनहितकारी उपहार मिले हैं। वैदिक परंपरा की इस धरती पर अब आधुनिक फिटनेस उपकरणों से लोगों को निशुल्क व्यायाम की सुविधा मिलेगी। साथ ही, अब क्षेत्र की महिलाएं यहाँ हुनर सीखकर आत्मनिर्भरता का रास्ता चुनेंगी। यह मंदिर परिसर जहाँ अब तक संस्कार सिखाता था, वहीं अब लोगों को बेहतर सेहत और हुनर भी प्रदान करेगा।





# रेलवे स्टेशन पर चलाया जन-जागरूकता अभियान

## चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से तंबाकू और निकोटीन के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र द्वारा रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र द्वारा रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को तंबाकू, निकोटीन एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन के मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता अभियान में अनेक ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बीके संत कुमार, बीके केवल कृष्ण, बीके जगदीश कुमार, बीके मुकेश कुमार, बीके राजेश कुमार, बीके राजकुमारी तथा बीके जनरल बहन ने रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों एवं नागरिकों को चित्रों के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। प्रदर्शनी में दर्शाए गए चित्रों के माध्यम से बताया गया कि तंबाकू और निकोटीन धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खोखला कर देते हैं तथा कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों और अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते हैं।

साथ ही यह भी समझाया गया कि नशे की आदत व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है, जिससे परिवार का सुख, शांति और समृद्धि भी प्रभावित होती है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यदि समय रहते इस दिशा में जागरूकता नहीं बढ़ाई गई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ सकते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और अपने परिवार तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन आत्मिक शक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति नकारात्मक आदतों एवं व्यसनों पर नियंत्रण प्राप्त कर स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित इस प्रदर्शनी को यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहा गया। अनेक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प भी लिया। ब्रह्माकुमारीज द्वारा दिया गया यह संदेश स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव के लिए कार्यक्रम स्थल का स्थान बदला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आगामी 4 जून 2026 को आयोजित किए जा रहे ₹नवीन अवसर अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव₹ के आयोजन स्थल में प्रशासनिक कारणों से परिवर्तन किया गया है। अब यह महोत्सव डॉ. बी.आर. अंबेडकर भवन, सेक्टर-8 के स्थान पर जिन्दल ग्लोबल सिटी, सेक्टर-29, कुरुक्षेत्र के क्लब हाउस में आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि ₹नवीन अवसर अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव₹ 4 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक जिन्दल ग्लोबल सिटी, सेक्टर-29, कुरुक्षेत्र के क्लब हाउस में



आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. मनीष मिश्रा ने मीडिया प्रतिनिधियों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे इस महत्त्वपूर्ण पहल की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं, अभिभावकों और रोजगार की तलाश कर रहे लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि क्षेत्र का कोई भी पात्र युवा इस अवसर से वंचित न रहे।

### न्यूज फ्लैश

## आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में पीएलवी बिम्पी रेखी द्वारा सब्जी मंडी, मानव चौक, अंबाला शहर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु कपड़े के थैलों एवं कम्पोस्टेबल (जैविक रूप से नष्ट होने योग्य) वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरु की रहमत सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) अंबाला शहर के सहयोग से किया गया।




शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को निःशुल्क कपड़े के थैले वितरित किए गए तथा उन्हें दैनिक जीवन में सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का संदेश दिया गया। पीएलवी बिम्पी रेखी ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएं। इस जागरूकता कार्यक्रम में कुल 20 लाभार्थियों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## पानीपत शुगर मिल में पांच स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के लिये रखे कसोरे, दाना के लिये रखी प्लेटें



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत शुगर मिल डाहर के प्रबंध निदेशक एवं एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन के मार्ग दर्शन में शुगर मिल के गार्डनिंग कर्मचारियों द्वारा सोमवार को शुगर मिल परिसर में गर्मी के मौसम के चलते पांच स्थानों पर पक्षियों के पीने के लिये पानी और दाने की व्यवस्था की गई। मिल कर्मचारियों ने शुगर मिल रेस्ट हाउस के पार्स पार्क में, मंदिर के पास, हर्बल गार्डन में, एमडी कार्यालय के पास सहित पांच स्थानों पर पानी के लिये दो-दो मिट्टी के कसोरे और दोनो कसोरों के बीच में पक्षियों को दाना डालने के लिये एक-एक प्लेट रखी गई है। गार्डनिंग सुपरवाईजर विजेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। मलिक ने बताया कि भारतीय संस्कृति में जीवों की सेवा को अत्यंत पुण्य का कार्य माना जाता है। उन्होंने कहा के गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन व पानी उपलब्ध करवाना मानवता एवं प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है। विजेंद्र मलिक ने बताया कि शुगर मिल का गार्डनिंग स्टाफ रोजाना सुबह-शाम पक्षियों के लिये पीने का पानी और भोजन के लिये अनाज के दानें डालेगा।

## होंडा इंडिया फाउंडेशन ने सभी 23 जिलों में 312 इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल तैनात किए

**फरीदाबाद।** होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने आज हरियाणा पुलिस को 312 इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल सौंपे, जो राज्य के सभी 23 जिलों को कवर करते हैं। यह प्रोग्राम भारत में किसी राज्य पुलिस फोर्स के लिए सबसे बड़े सिंगल-डिप्लॉयमेंट सीएसआर मोबिलिटी इनिशिएटिव में से एक है।

यह हैंडओवर हरियाणा सरकार के सहयोग से किया गया। हैंडओवर सेरेमनी गुरुग्राम के सेक्टर 29 में लेजर वैली पार्किंग में हुई, जिसमें हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी; हरियाणा सरकार के माननीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री श्री राओ नरबीर सिंह; होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री विनय ढींगरा और सरकार और होंडा इंडिया फाउंडेशन के सीनियर प्रतिनिधि मौजूद थे। इस इनिशिएटिव के तहत, एचआईएफ ने अपने सीएसआर प्रोग्राम, सड़क सहायक, सुरक्षित मार्ग, सुरक्षित जीवन के तहत 310 टू-व्हीलर और 2 फोर-व्हीलर इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल के तौर पर दिए हैं।

इस डिप्लॉयमेंट में गुरुग्राम के लिए 60 होंडा सीबी350 मोटरसाइकिल और 1 होंडा एलिवेट, फरीदाबाद के लिए 40 होंडा सीबी350 मोटरसाइकिल और 1 होंडा एलिवेट, और हरियाणा के बाकी 21 जिलों में 210 होंडाशाइन 100 मोटरसाइकिल में शामिल हैं।

## महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ इनेलो ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 1 जून (बिजेंद्र सिंह)।** इंडियन नेशनल लोकदल जिला पानीपत इकाई ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार व मौजूदा सरकार की नीतियों के खिलाफ सोमवार को रोष प्रदर्शन किया। जिलाभर से बडी संख्या में पहुंचे इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला सचिवालय के सामने पुल के नीचे एकत्रित हुए और वहां पर महंगाई व भ्रष्टाचार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में जिला प्रभारी धर्मेंद्र ढूल मुख्य अतिथि रहे और प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। सभी कार्यकर्ता पुल के नीचे से नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे और एसडीएम



मनदीप कुमार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी की कीमतों में बेहताशा वृद्धि की वजह से बढ रही महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। इनेलो नेताओं ने मौजूदा भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई के चलते गरीब व्यक्ति को अपना परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। इनेलो जनता के हक की लड़ाई सडक से लेकर संसद तक लड़ेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, इसराना हलका अध्यक्ष राजेंद्र जागलान, समालखा हलका राजेश झट्टीपुर, पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष शमशेर देशवाल, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोज जौरासी, राष्ट्रीय सचिव नवीन नैन भालसी, शहरी जिला अध्यक्ष कपिल बुद्धिराजा, किसान प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजू नांदल डाहर, किसान सैल प्रदेश महासचिव रणबीर देशवाल, रामकुमार नंबरदार, कृष्ण भौक्कर, महिला अध्यक्ष प्रवीन मलिक, रविंद्र बिंझौल, अमरजीत मलिक, शिशपाल पाल्लू, हवा सिंह, राजेश इसराना, सुरेंद्र शर्मा सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व दुग्ध दिवस पर रोटी बैंक द्वारा दूध और रस का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विश्व दुग्ध दिवस पर रोटी बैंक द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में दूध रस का वितरण किया गया। यद्यपि यह कार्य पिछले कुछ माह से नियमित प्रातः काल में आयुर्वेदिक अस्पताल में प्रतिदिन दूध और रस देकर किया जा रहा है तथापि आज के विशेष दिन पर इस आयोजन का उद्देश्य दूध से शक्ति और स्वास्थ्य वर्धन के सिद्धांत को लेकर किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव



कर्म चंद, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी और अंकेक्षक नरेश सैनी आज विशेष रूप से आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचे और वहां पर उपचाराधीन एवं उनके साथ रह रहे अन्य लोगों को दूध और रस वितरित किया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रोटी बैंक के अंकेक्षक प्रतिदिन यह सेवा करते हैं। रोटी बैंक का उद्देश्य है कि कोई व्यक्ति भूखा न रहे। इसके साथ ही खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, चिकित्सा, शिक्षा और वस्त्र वितरण के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष कार्य कर रहा है।

## सिरसा: हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** सिरसा जिले में सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मोटरसाइकिल दुकान के बाहर सडक किनारे रखे कंबाइन मशीन के कटर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गांव करीवाला निवासी हरपाल सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि गांव करीवाला निवासी हरपाल सिंह रविवार रात को गांव दमदमा की तरफ जा रहा था। गांव दमदमा में एक दुकान के बाहर कंबाइन मशीन का कटरा रिपेयर के लिए रखा था जिससे हरपाल सिंह की बाइक टकरा गई।

## सोमनाथ धाम की यात्रा के लिए बुजुर्ग को देना होगा मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के पात्र वृद्धजन लाभार्थियों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निशुल्क दर्शन करवाने के उद्देश्य से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। यात्रा के दौरान सभी लाभार्थियों को अपना मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लाना अनिवार्य होगा। इस विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि इस यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र लाभार्थी 06 जून तक सरल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए पात्र नागरिक समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। साथ ही लाभार्थी हरियाणा का मूल निवासी हो तथा उसकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। लाभार्थियों का



**आवेदन**

इस यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए पात्र नागरिक समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें

चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत जो वृद्ध जन पिछले 3 वर्ष के अंदर इस योजना का लाभ ले चुके हैं। वह इस योजना के तहत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जाने के पात्र नहीं होंगे अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक नागरिक लघु सचिवालय के चतुर्थ तल स्थित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (डीआईपीआरओ) में संपर्क कर सकते हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला द्वारा सत्र न्यायालय परिसर अंबाला में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर के सहयोग से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों, न्यायालय कर्मचारियों तथा आमजन को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय पर नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान सुनिश्चित करना था। शिविर में



विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.रमन और डॉ.सुभांगी, डॉ.सोनू कुमार, डॉ.परवीन, डॉ.लक्की द्वारा आंखों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गीतांजलि गोयल भी शिविर में मौजूद रहीं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने तथा नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा और सभी ने इस पहल की सराहना की। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने नेत्र जांच सुविधा का लाभ उठाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर की टीम का आभार व्यक्त किया।

## कौशल विकास से खुल रहे रोजगार के नए द्वार: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसीटी) के लिए गौरव का विषय है कि बी.एससी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी तथा एम.एससी. प्रिंटिंग, ग्राफिक एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के छह विद्यार्थियों का देश की प्रतिष्ठित प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग कंपनियों में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुनील मजोका, पूजा सैनी, गोविंद राय, साहिल, मयंक और दीपक शामिल हैं।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित



विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था का भी प्रमाण है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

आईएमसीटी के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के कौशल विकास, तकनीकी दक्षता और रोजगारोन्मुख शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता के लिए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि चयनित विद्यार्थी अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और संस्थान का नाम रोशन करेंगे। आईएमसीटी के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थान प्राप्त किया है। इनमें गोविंद राय और साहिल का चयन नई दिल्ली स्थित विजनोवा मल्टीसोर्स प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। वहीं सुनील मजोका का चयन राजपुरा (पंजाब) की पार्कोशन पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। इसके अतिरिक्त पूजा सैनी, दीपक और मयंक का चयन गाजियाबाद स्थित एस. चाँद पब्लिकेशन ग्रुप में हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह, संस्थान की प्लेसमेंट इंचार्ज वरिष्ठ शिक्षिका रोमा तथा प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के प्लेसमेंट इंचार्ज राकेश कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्थान के सभी शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले युवा वर्ग: विशेष गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**
**थानेसर :** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के तत्वावधान में सोमवार को शिवम बंसल एवं अनुज बंसल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राहगीरों, यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, विशेष गर्ग, कुलवंत गर्ग, गौरव मित्तल, नवीन बंसल, सचिन मित्तल, सुरेश गोयल सहित अनेक गणमान्य




लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेष गर्ग ने कहा कि समाज सेवा और परोपकार की भावना से किए गए ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से भी समाज हित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पंचायत प्रधान विशाल सिंगला ने शिवम बंसल एवं अनुज बंसल द्वारा किए गए इस पुण्य कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनियुक्त 276 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय स्थित मुख्यसेवक सदन में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरूआत है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने वन विभाग के अंतर्गत 109, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 88, प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 65 एवं नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में चयनित 14 अभ्यर्थी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि वर्षों के परिश्रम, अनुशासन, संघर्ष और धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता प्राप्त हुई है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने नकल माफियाओं और भ्रष्टाचार पर प्रभावी



अंकुश लगाने के लिए राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश में युवाओं की सफलता का आधार केवल उनकी योग्यता और मेरिट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं मेरिट के आधार पर सरकारी सेवाओं से जोड़ने का कार्य किया गया है। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यकुशलता,

**जिम्मेदारी**

**वर्षों के परिश्रम, धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता प्राप्त हुई है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है: धामी**

ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में जब योग्य और कर्मठ युवा आगे आते हैं, तब विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्मिक प्रदेश के सुनियोजित विकास में योगदान देंगे, प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देंगे, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक मातृ एवं बाल कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करेंगे तथा वन विभाग में चयनित युवा राज्य की वन संपदा एवं जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार भी विकसित उत्तराखंड के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है, जहां घोषणा से अधिक डिलीवरी, वादों से अधिक परिणाम और राजनीति से अधिक विकास को महत्व दिया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित युवा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए उत्तराखंड के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की। उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो। विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। मुख्यमंत्री योगी के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया



और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है।

**बेटा! तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो**

हापुड़ से एक बच्ची अपने

**जनता दर्शन**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया**

अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो।

अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

## बेटी पढ़कर आगे बढ़ेगी तो देश व समाज आगे बढ़ेगा: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरिट में छात्राओं ने छात्रों से अधिक अंक प्राप्त किया है। यह सुखद संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी पढ़कर आगे बढ़ेगी और देश व समाज आगे बढ़ेगा। मेधावियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया में न्यूनतम समय लगायें। सोशल मीडिया के ज्यादातर तथ्य झूठे होते हैं। समाचार पत्र अवश्य पढ़ें। देश व समाज के बारे में जानकारी रखिए। अपनी परम्परा, संस्कृति व विरासत व अपने परिवेश के बारे में जानकारी रखें।

# गुरुग्राम में मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस के 312 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**ईआरवी**

**ये सभी वाहन आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन यानी ईआरवी के रूप में काम करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हरियाणा पुलिस के बेड़े में शामिल 310 नई मोटरसाइकिलों और दो कारों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन यानी ईआरवी के रूप में काम करेंगे। वाहन कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत होंडा मोटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस के रिस्पांस टाइम की सराहना करते हुए कहा कि देश में ईआरवी का औसत



रिस्पांस टाइम लगभग 18 मिनट है, जबकि हरियाणा पुलिस ने इसे घटाकर सात मिनट तीन सेकेंड कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसे सुशासन का वास्तविक स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस विभाग में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया है। ये ईआरवी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

मुख्यमंत्री ने जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की। नए वाहनों में से गुरुग्राम को 60 मोटरसाइकिलें और एक होंडा एलिवेट मिली है। फरीदाबाद को 40 मोटरसाइकिलें और एक होंडा एलिवेट दी गई है। बाकी 210 मोटरसाइकिलें हरियाणा के अन्य जिलों को भेजी गई हैं। डीजीपी अजय सिंघल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन अत्याधुनिक वाहनों के शामिल होने से राज्य में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि ईआरवी संकरी गलियों में भी कम समय में मौके पर पहुंचेंगे, जिससे जनता की सुरक्षा और पुख्ता होगी।

# स्वस्थ समाज-परिवार के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी: राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्वस्थ समाज एवं परिवार के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अपनी व्यस्त जीवन शैली में अपने स्वास्थ्य की चिंता करें। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए समय निकालें। संतुलित आहार, योग और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। राज्यपाल पटेल सोमवार को भोपाल स्थित लोक भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ अवसर पर संदीपनि सभागार में उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता किट प्रदान की। संदीपनि सभागार और सिविल डिस्पेंसरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का अवलोकन किया। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल पटेल के

**जीवनशैली**

**महिलाएँ अपनी व्यस्त जीवन शैली में अपने स्वास्थ्य की चिंता करें: राज्यपाल**

जन्म दिवस के अवसर पर लोक भवन में सोमवार को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया था। अस्थिरोग संबंधी चिकित्सकीय जाँच के लिए बोन मिनरल डेनसिटी जाँच और परामर्श शिविर का सिविल डिस्पेंसरी में तथा एच.पी.व्ही. और महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जागरूकता के लिए चिकित्सकीय परामर्श सत्र सांदीपनि सभागार में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, उप सचिव सुनील दुबे सहित लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# राज्यपाल पटेल की संवैधानिक मूल्यों और अंत्योदय के प्रति निष्ठा, प्रेरणादायी: डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के जन्मदिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित लोकभवन पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्रम और बाबा महाकाल की प्रतिकृति भेंट कर उनका अभिवादन किया। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। संवैधानिक मूल्यों



और अंत्योदय के प्रति आपकी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता तथा प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है। मां नर्मदा से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु प्रदान करें।

**मंगुभाई पटेल : संक्षिप्त जीवन परिचय**

मंगुभाई पटेल का जन्म 1 जून 1944 को गुजरात के नवसारी जिले में हुआ। समाज सेवा को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाने के साथ उनकी अभिरुचि खेल, संगीत तथा अध्ययन में रही है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की

**सम्मान**

**डॉ. यादव ने अंग वस्त्रम और बाबा महाकाल की प्रतिकृति भेंट कर उनका अभिवादन किया**

शुरूआत स्थानीय निकायों से की और वर्ष 1982 से 1987 तक नवसारी नगर पालिका के सदस्य रहे। वे भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे, जिनमें गुजरात भाजपा आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष तथा भाजपा गुजरात इकाई के उपाध्यक्ष एवं महासचिव प्रमुख हैं। वे वर्ष 1990 से 2017 तक लगातार गुजरात विधानसभा के सदस्य रहे। गुजरात सरकार में उन्होंने जनजातीय कल्याण, वन एवं पर्यावरण, तथा कुटीर एवं उद्योग विभागों में मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। साथ ही वे गुजरात विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष भी रहे। जनजातीय कल्याण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन अभियान, जनजातीय विकास, विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आजीविका योजनाओं, पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी अनेक नवाचारों को बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों से जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्रों तथा नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी प्रोत्साहन मिला। मंगुभाई पटेल ने जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, युगांडा, कैमरून, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका सहित अनेक देशों की यात्राएं कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे कई पुस्तकों और प्रकाशनों के लेखक भी हैं, जिनमें मौन का उद्घोष, मन की बात, अखंडता का उत्सव तथा संकल्प का सामर्थ्य प्रमुख हैं।

# डबल इंजन नहीं, डबल इंतजार शास्त्र चल रहा है- अशोक गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र और राज्य सरकार पर विकास परियोजनाओं में देरी को लेकर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में गहलोत ने डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए इसे डबल इंतजारशास्त्र करार दिया। गहलोत ने कहा कि योजनाओं और परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी का सीधा असर आम जनता और सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। उन्होंने लिखा कि इंतजारशास्त्र के जरिए राज्य सरकार को जगाने का प्रयास



किया गया है ताकि यह समझाया जा सके कि परियोजनाओं में देरी केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि जनता की जेब पर भारी पड़ने वाला मुद्दा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह समस्या केवल राजस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है।

# नीति आयोग की बैठक से पहले शुभेंदु ने सभी विभागों से मांगी रिपोर्ट

**रिपोर्ट तलब**

**मुख्यमंत्री ने विभागों के सचिवों को पांच जून तक अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आगामी 11 जून को नई दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक से पहले राज्य सरकार के सभी विभागों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मुख्यमंत्री ने



सभी विभागों के सचिवों को पांच जून तक अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की समग्र स्थिति, विकास योजनाओं और वित्तीय आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने राज्य के सभी विभागों की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं का विस्तृत ब्यौरा मांगा है। सूत्रों का कहना है कि वर्तमान राज्य सरकार का मानना है कि पिछले 15 वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार की कथित असहयोगपूर्ण नीति के कारण राज्य को केंद्र से मिलने वाले कई वित्तीय लाभ और अधिकार पूरी तरह नहीं मिल सके। अब सरकार का ध्यान केंद्र से राज्य के बकाया और वैध हिस्से को प्राप्त करने पर है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री सक्रिय रूप से पहल कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, नीति आयोग की बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, केंद्रीय सहायता, अनुदान और वित्तीय आवंटन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि जून के अंत में राज्य सरकार अपना पूर्ण बजट पेश कर सकती है।

# गाँव के द्वार पहुँची डिजिटल सरकार : बड़ेकनेरा का सेवा सेतु मॉडल बना ग्रामीण सुशासन की नई मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीण डिजिटल सुशासन के अभिनव मॉडल सेवा सेतु की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की पहुंच, पारदर्शिता और प्रभाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का



लाभ ग्रामीणों को उनके गांव में ही सहज, सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान और अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनसे आमजन को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान ग्राम की हितग्राही श्रीमती कौशल्या मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है, जिससे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि

**सुलभ**

**ग्रामीणों तक त्वरित, सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से खेती-किसानी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत मिली है। इसी प्रकार श्रीमती सुमति मानिकपुरी, श्रीमती अमिल मानिकपुरी तथा श्रीमती पचमती बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बनाया है और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहारा दिया है। वृद्धावस्था पेंशन और महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर रही श्रीमती वेंकटरमणा जंगम ने भी योजनाओं की नियमित उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनसे चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक गरीब, किसान और महिला तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में संचालित सेवा सेतु अभियान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक त्वरित, सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

# झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे का अभिवादन किया। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य



के विकास, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी सामान्य चर्चा हुई। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है और न ही किसी विशेष विषय पर विस्तृत बयान जारी किया गया है।